आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 178- ● जबलपुर ● शुक्रवार, 29 जुलाई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण मास शुक्ल पक्ष-1 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS 81



## 6 साल में 184 बाघों की मौत, इनमें से 119 आपस में लड़ मरे

अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस आज

**भोपाल,यशभारत।** प्रदेश में बाघों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन प्राकृतिक आवास हो रहा कम, असर... घटते कॉरिडोर, प्राकृतिक आवास और बढ़ती संख्या ने बाघों के जीवन को संकट में डाल दिया है। पिछले 6 सालों में मप्र में 184 बाघों की मौत हुई है। इसमें सबसे ज्यादा 119 मौत आपसी लड़ाई (टेरीटोरियल फाइट) में हुई। पोस्टमार्टम में इनकी मौत का कारण अधिक खून बहना, गहरे घाव में संक्रमण होना, मल्टीपल ऑर्गन फैलियर और रीढ़ की हड्डी टूटना बताया गया। वहीं, 56 बाघों की मौत शिकार, ट्रेन व सड़क हादसों में हुई है। वन विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी सुदेश बाघमारे का कहना है कि प्रदेश के जंगलों में बाघों के कॉरिडोर विकास के नाम पर अतिक्रमण हो रहा है। सड़क व ट्रेन के ट्रैक बाघों के लिए सुरक्षित नहीं है। इससे बाघों की टेरेटरीज प्रभावित हो रही है। टाइगर रिजर्व व सेंचुरी में बसे गांवों को स्थानीय राजनीति की वजह से विस्थापित करने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जगह कम और बाघों की संख्या में बढ़ोतरी होने से इनमें टेरिटोरियल फाइट होना स्वाभाविक है। प्रकृति के सौंदर्य से भरपूर, मध्य प्रदेश भारत के उन राज्यों में से एक है जहां आप सबसे ज्यादा विभिन्न प्रजाति के जीवों को जंगल में बेफिक्र घूमते हुए देख सकते हैं। 12 राष्ट्रीय उद्यानों और 6 बाघ अभयारण्यों के साथ, मध्यप्रदेश वन्यजीव हॉटस्पॉट है जो जानवरों की दुनिया को स्वतंत्रता के साथ रहने के लिए एक बेहतर स्थान बनाता है। बांधवगढ़, कान्हा और पेंच कुछ ऐसे विरासत राष्ट्रीय उद्यान हैं, जहां आप रॉयल बंगाल बाघों को उनके मूल आवास में देखने का आनंद ले सकते हैं।

## मंगलुरु में युवक की नृशंस हत्या

### धारा 144 लागू, मुस्लिमों को घरों में नमाज पढ़ने का निर्देश

**मंगलुरु ,एजेंसी।** कर्नाटक के मंगलुरु जिले में एक युवक की नृशंस हत्या कर दी गई। दो दिन पूर्व दक्षिण कन्नड जिले के बेल्लारे में एक भाजपा नेता को भी इसी तरह सरेआम धारदार हथियारों से गला रेतकर मार डाला था। हालात तनावपूर्ण होते देख मेंगलुरु जिले के सूरतकल इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है। पुलिस प्रशासन ने कस्बे के मुस्लिमों से कहा है कि वे आज जुमे की नमाज अपने घरों में ही अदा करें।सूरतकल मंगलुरु जिले के बाहरी हिस्से में स्थित है। यहां 23 साल के युवक की चार-पांच अज्ञात सशस्त्र हमलावरों ने गुरुवार शाम हत्या कर दी। इसी तरह की घटना दो दिन पूर्व दक्षिण कन्नड़ जिले के बेल्लारे में भाजपा नेता प्रवीण नेट्टारू के साथ हुई थी। तीन बाइक सवार हमलावरों ने उनकी दुकान के सामने उन्हें मार डाला था। मंगलवार रात जब नेट्टारू अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे तब यह घटना हुई थी।

### पीएम मोदी पूरा जल्द करेंगे एक और वादा

# विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ कराने की कवायद तेज

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने देश में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ कराने के लिए कवायद तेज कर दी है। सरकार ने इस मुद्दे का अध्ययन करने के लिए मामला विधि आयोग को सौंपा है ताकि व्यावहारिक रोडमैप और रूपरेखा तय की जा सके। लोकसभा के अगले चुनाव लगभग दो वर्ष बाद 2024 में होंगे जिसके साथ छह राज्यों के विधानसभा चुनाव भी होने हैं। इससे पहले वर्ष 2018 में विधि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि ऐसा माहौल है कि देश में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ कराने की जरूरत है। आयोग ने उस समय सुझाव दिए थे कि संविधान के अनुच्छेद 83 (संसद के कार्यकाल), अनुच्छेद 172 (विधानसभा के कार्यकाल) तथा जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951 में संशोधन करने के बाद चुनाव एक साथ करवाए जा सकते हैं। इससे देश के लगातार चुनाव मोड में रहने से निजात पाई जा सकती है। सरकार ने विधि आयोग को यह मुद्दा जरूर दिया है लेकिन इस समय विधि आयोग में कोई अध्यक्ष नहीं है और आयोग का कार्यकाल फरवरी 2023 में समाप्त होने वाला है। विधि आयोग के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज को बनाया जाता है। वहीं, इससे पूर्व 2016 में संसदीय समिति भी अपनी अंतरिम रिपोर्ट दे चुकी है। सरकार ने इस रिपोर्ट को भी आयोग को दिया है जिसे एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। रिपोर्ट में संसदीय समिति ने भी एक साथ चुनाव कराने की आवश्यकता बताई थी लेकिन कहा था कि सभी राजनीतिक दलों और क्षेत्रों की एक साथ चुनाव पर सहमति बनाने में एक दशक का समय लग सकता है।



### केंद्र-राज्य सरकार आधा-आधा खर्च वहन करेंगे

केंद्र सरकार ने वर्ष 2014 से 2020 तक 5794 करोड़ रुपये जारी किए हैं। छह वर्ष की इस अवधि में 50 विधानसभा चुनाव और दो बार लोकसभा के चुनाव हुए हैं। नियमानुसार, लोकसभा चुनावों में पूरा खर्च केंद्र सरकार उठाती है जबकि विधानसभा चुनावों का खर्च संबंधित राज्य उठाता है। सरकार का कहना है कि यदि चुनाव एक साथ हों तो यह खर्च आधा हो जाएगा और केंद्र तथा राज्य सरकारों को आधा-आधा खर्च ही वहन करना पड़ेगा। जहां तक निर्वाचन आयोग का सवाल है तो वह पहले ही कह चुका है कि उसे एक साथ चुनाव कराने में कोई दिक्कत नहीं है। इसके लिए उसे बस वोटिंग मशीनों की संख्या बढ़ानी होगी जिसे वह एक तय समय में कर सकता है। बता दें कि देश में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव 1951 से लेकर 1967 तक एकसाथ हुए हैं।

### करोड़ों का खर्च बचेगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार कहते रहे हैं कि एक साथ चुनाव कराने से देश का करोड़ों रुपये का खर्च बच सकता है जो लगातार किसी न किसी राज्य में चुनाव होते रहने के कारण होता रहता है। वहीं, सुरक्षा बलों को भी पूरे देश में बार-बार भेजना पड़ता है जिससे उनका काम प्रभावित होता है। आदर्श आचार चुनाव संहिता लगने के कारण विकास कार्य भी प्रभावित होते हैं।

### मप्र में जिला सरकार का चुनाव रिजल्ट

# 11 जगहों पर भाजपा के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए




**भोपाल,यशभारत।** मध्यप्रदेश में नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष के परिणाम आने शुरू हो गए हैं। जिनमें भाजपा का पलड़ा भारी दिख रहा है। भिंड, शाजापुर, निवाड़ी, दतिया, शहडोल, मंदसौर, कटनी, सागर, रायसेन, गुना और ग्वालियर में भाजपा समर्थक जिला पंचायत अध्यक्ष चुने गए हैं। वहीं छिंदवाड़ा में संजय पूनार के चुने जाने से कांग्रेस का खाता खुल गया। दोपहर तक सभी 51 जिला पंचायत अध्यक्षों और उपाध्यक्षों का फैसला हो जाएगा। उधर उज्जैन में चुनाव प्रक्रिया शुरू होते ही एंट्री को लेकर विवाद की स्थिति बन गई और पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। जिलों में सरकार बनाने के लिए भाजपा-कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने सदस्यों की बाड़ेबंदी कराई है। कई जिलों में बहुमत का आंकड़ा छूने वाले संभावित अध्यक्ष, सदस्यों की भोपाल में सीएम से मुलाकात भी करा चुके हैं।

### कटनी में भाजपा समर्थक सुनीता मेहरा अध्यक्ष

सीधी जिले में जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव फिलहाल नहीं हो रहा है। इनका मामला कोर्ट में विचाराधीन है। छिंदवाड़ा से कांग्रेस के संजय पूनार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए।भिंड में भाजपा कि कामना सुनील सिंह निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गई।रायसेन में जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर कांग्रेस से भाजपा में आए जसवंत बबलू मीणा निर्विरोध चुने गए। गुना में भाजपा समर्थक अरविंद धाकड़ भी निर्विरोध जिला पंचायत अध्यक्ष बने हैं। कटनी में भाजपा समर्थक सुनीता मेहरा निर्विरोध जिला पंचायत अध्यक्ष चुनी गई हैं।निवाड़ी में जिला पंचायत अध्यक्ष पर बीजेपी समर्थक सरोज राय निर्विरोध चुनी गईं। शाजापुर जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर भाजपा के हेमराज सिसोदिया निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित।भाजपा की प्रभा मिश्रा शहडोल जिला पंचायत अध्यक्ष के पद पर निर्विरोध चुनी गईं। दतिया से भाजपा की इंदिरा धीरू दांगी जिला पंचायत अध्यक्ष चुनी गईं। ग्वालियर में श्रीमती दुर्गेश कुंवर सिंह जाटव निर्विरोध जिला पंचायत अध्यक्ष चुनी गईं।सागर के हीरा सिंह राजपूत निर्विरोध अध्यक्ष बने। मंदसौर में दुर्गा विजय पाटीदार बनीं निर्विरोध जिला पंचायत अध्यक्ष।



### इंदौर में नामांकन दाखिल, छतरपुर में बगावत

इंदौर में जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा की ओर से रीना मालवीय और कांग्रेस की ओर से ममता चौबिसिया ने नामांकन दाखिल किया। छतरपुर में भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी विद्या हरिओम अग्निहोत्री का नाम घोषित होने के बाद भाजपा की एक अन्य दावेदार उमा इंद्र विक्रम सिंह नामांकन दाखिल करने पहुंचीं।

### भोपाल में भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने

भोपाल जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी को लेकर बीजेपी और कांग्रेस आमने-सामने हो गई हैं। मंत्री भूपेंद्र सिंह कुछ सदस्यों को अपनी गाड़ी में लेकर पहुंचे।



## अधीर के बयान पर संसद में आज भी हंगामा

### सोनिया से माफी की मांग पर अड़ी भाजपा


**नई दिल्ली,एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपत्नी कहने वाले बयान पर कांग्रेस बुरी तरह घिर गई है। पार्टी के नेता अधीर रंजन भले ही अपने इस बयान को गलती बता रहे हैं, लेकिन भाजपा इस मौके को छोड़ने के मूड में नहीं है। वह कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के माफी मांगने पर अड़ी है। इसे लेकर शुक्रवार को भी संसद की शुरुआत हंगामेदार रही। दोनों सदनों को 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। जब अधीर रंजन माफी मांग चुके, फिर सोनिया गांधी की माफी की मांग क्यों: मल्लिकार्जुन खड़गे- इसीबीच कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की चर्चा पूरे देश में हो रही है। कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि अधीर रंजन चौधरी ने अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगी है। उसके बाद भी बीजेपी सोनिया गांधी के खिलाफ नारे लगाते हुए माफी की मांग कर रही है। वे जानबूझकर ऐसा कर रहे हैं ताकि उन्हें महंगाई जैसे मुद्दों पर चर्चा न करनी पड़े। उधर, संसद भवन परिसर में निलंबित 23 राज्यसभा और 4 लोकसभा सांसदों का धरना गुरुवार रात भी जारी रहा। सभी सांसद रातभर गांधी मूर्ति के सामने मच्छरदानी लगाकर सोए।

## सतना में शिक्षक बने चिकित्सक लगा रहे मासूम को इंजेक्शन

### वीडियो वायरल, जांच शुरू

**सतना, यशभारत।** सागर में गत दिवस एक ही सीरेंज से 40 बच्चों को वैक्सीन दिए जाने के मामले की जांच जारी है, इसी बीच सतना के शिक्षकों का वीडियो इन दिनों खूब वायरल हो रहा है। एक शिक्षक का वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वो स्कूल में शराब पीते नजर आए थे। अब एक शिक्षक अपना मूल काम छोड़ कर कुछ दूसरा ही काम करते नजर आए हैं। इस मामले में एक शिक्षक का चिकित्सक बन कर मासूम का इलाज करने का वीडियो सामने आया है। यह वीडियो भी वायरल हो रहा है। इस वीडियो में शिक्षक डॉक्टर बनकर उपचार करता नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि टीचर वीडियो में इंजेक्शन लगाते दिख रहे हैं। शिक्षक के बारे में बताया जा रहा है कि वो मझगवां जनपद के शासकीय प्राथमिक शाला प्रधान टोला जरिहा विद्यालय के शिक्षक जगन्नाथ यादव हैं। 32 सेकेंड के इस वीडियो में नजर आ रहा है कि एक मासूम रो रहा है जिसे वो इंजेक्शन लगा रहे हैं। इस मामले में अब डीईओ ने बैरहना विद्यालय के प्राचार्य को जांच सौंपी है। बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ झोलाछाप डॉक्टर का काम कर रहे शिक्षक के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि जगन्नाथ गुरुजी के रूप में भर्ती हुए थे। तब यह भर्ती सरपंचों के माध्यम से की गई थी। उस समय शिक्षक की पत्नी ही सरपंच थी।





## असम में टेक-ऑफ के दौरान रनवे से फिसला इंडिगो का विमान, कीचड़ में जा धंसा पहिया

**जोरहाट ,एजेंसी।** इंडिगो की एक फ्लाइट असम के जोरहाट में टेक-ऑफ करने के दौरान रनवे से फिसल गई। इस घटना में कोई यात्री घायल नहीं हुआ। यह प्लेन गुरुवार को जोरहाट से कोलकाता के लिए उड़ान भरने वाली थी। मामले की जांच के लिए एक टीम का गठन कर दिया गया है। इंडिगो एयरलाइंस का कहना है कि शुरुआती जांच में विमान में कोई खराबी नहीं पाई गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, रनवे से फिसलने के तुरंत बाद ही पायलट ने प्लेन रोक दी। सभी यात्रियों को नीचे उतार दिया गया। कुछ समय बाद दूसरी फ्लाइट से यात्री कोलकाता के लिए रवाना हुए। न्यूज एजेंसी ने घटना की तस्वीर जारी की है। इसमें प्लेन के पहियों को कीचड़ भरे मैदान में फंसे हुए देखा जा सकता है।

### हरदा में भारी बारिश से बंद हुआ इकलौता रास्ता

## जान जोखिम में डालकर स्कूल जाने को मजबूर हैं छात्राएं

**हरदा,एजेंसी।** मध्यप्रदेश में भारी बारिश के चलते कई जिलों में जनजीवन प्रभावित हो रहा है। भारी बारिश के चलते कई क्षेत्रों का संपर्क टूट गया है, जिसके चलते लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई जगह लोग ट्यूब के सहारे भी नदी पार करते देखे जा रहे हैं। हाल ही में हरदा जिले का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें स्कूली छात्राएं जान जोखिम में डालकर रास्ता पार करते हुए नजर आ रही हैं। दरअसल भारी बारिश के चलते रहटगांव तहसील की गंजाल नदी में उफान आने की वजह से गांव के बाहर जाने का इकलौता रास्ता बंद हो गया, जिसके चलते अब ग्रामीण जान जोखिम में डालकर रास्ता पार कर रहे हैं। हर दिन गावं के करीब 200 बच्चे जान जोखिम में डालकर पानी से भरा रास्ता पार कर स्कूल पहुंच रहे हैं।वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि गांव से बाहर जाने के लिए ये एकमात्र रास्ता है। मंगलवार शाम को भारी बारिश के चलते टेमरुबहार से राजाबरारी और बोरी क्षेत्र में बच्चे उफनती नदी पार करके स्कूल जाते दिखे। छोटे बच्चों को उनके परिजन कंधों पर बैठाकर स्कूल छोड़ने ले जा रहे थे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



### प्रियंका बोलीं-अपनी जिम्मेदारी निभाए मप्रसरकार,हरदा का वीडियो किया शेयर

प्रियंका गांधी वाड्रा ने मध्यप्रदेश सरकार को जिम्मेदारी निभाने की नसीहत दी हैं। उन्होंने हरदा जिले में उफनती नदी पार करती स्कूली छात्राओं का वीडियो शेयर किया हैं। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा- यह दृश्य दिल दहलाने वाला है। हरदा, मध्यप्रदेश की ये छात्राएं अपनी जान जोखिम में डालकर स्कूल जा रही हैं। बच्चे देश का भविष्य होते हैं। उनकी शिक्षा से लेकर सुरक्षा तक सरकार का दायित्व है। मध्यप्रदेश सरकार को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए इन बच्चों के लिए सुरक्षित रास्ता मुहैया कराना चाहिए। प्रियंका गांधी ने जो वीडियो शेयर किया है, वह हरदा की गंजाल नदी का ही है। जो बारिश की वजह से उफान पर है।

### उत्तराखंड से बंगाल तक बुरा हाल

# 97 जगहों पर आचमन के लायक भी नहीं है गंगाजल

**नई दिल्ली,एजेंसी ।** नमामि गंगे परियोजना की जब शुरुआत हुई तो दावा किया गया कि 2019 तक गंगा को स्वच्छ कर दिया जाएगा। इसके बावजूद राष्ट्रीय नदी में अब भी 60 सीवेज गिराया जा रहा है। आस्था का प्रतीक गंगा का पानी 97 स्थानों पर आचमन के लायक भी नहीं है। उत्तराखंड, यूपी, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में 10139.3 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) सीवेज निकलता है। 3959.16 एमएलडी यानी करीब 40 फीसदी सीवेज ही ट्रीटमेंट प्लांट से होकर गुजरता है, बाकी 60 को सीधा गंगा में गिराया जाता है, क्योंकि गंगा के प्रमुख पांच राज्यों में मौजूद 226 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) भी अपनी क्षमता से कम काम कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश:5500 एमएलडी सीवेज निकासी होती है। कुल 118 एसटीपी हैं, जिनकी क्षमता 3655.28 एमएलडी है। यहां एसटीपी की कुल क्षमता का 83 फीसदी ही सीवेज का उपचार हो रहा है।

झारखंड:452 एमएलडी सीवेज की निकासी होती है, जबकि राज्य में 107.05 एमएलडी क्षमता वाले 16 एसटीपी काम कर रहे हैं। ये अपनी क्षमता का 68 फीसदी का ही उपचार कर रहे हैं।

**पश्चिम बंगाल-** 2758 एमएलडी सीवेज की निकासी हर रोज होती है, जबकि 1236.981 एमएलडी सीधे गंगा में गिराया जा रहा है। राज्य में कुल 37 एसटीपी हैं, जिनकी क्षमता 1438 एमएलडी सीवेज की है।



### नियमों का पालन नहीं

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) सिर्फ 136 एसटीपी की निगरानी करता है। इसमें से 105 ही काम कर रहे हैं, जिनमें से 96 एसटीपी नियम और मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं। इसकी वजह से नारोरा के बाद 97 स्थानों पर पानी की गुणवत्ता बहुत खराब है।

### प्रदूषण ग्राफ बढ़ रहा

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने बीते शुक्रवार को कहा कि यह चिंताजनक है कि गंगा में प्रदूषण का ग्राफ गिरने की बजाय बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की रिपोर्ट के मुताबिक, गंगा के प्रमुख पांच राज्यों में कुल 245 एसटीपी में से 226 एसटीपी ही ठीक हैं।

## एक बच्चे समेत दो की डूबने से मौत

### एक शव मिला दूसरे की तलाश जारी

**सीहोर, एजेंसी।** जिले में गुरुवार को 2 अलग-अलग स्थानों पर पानी में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई, जिसमें एक शव मिल गया है, जबकि दूसरे शव की खोज जारी है। जानकारी के अनुसार पहली घटना सीहोर के अहमदपुर थाना क्षेत्र के वनखड़ा ग्राम के पास हुई, जहां 11 वर्षीय जिगर सहरिया नामक बालक की डूबने से मौत हो गई, बताया गया है कि मुरुम निकलने वाले गड्ढे में बरसात का पानी भर गया था, जिसमें डूबने से बच्चे की मौत हो गई।

## अर्पिता चटर्जी के बंगले से नोटों से लदी 4 कारें गायब

### फ्लैट मिली आपत्तिजनक चीजें, शर्मसार हुआ बंगाल

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाला सामने आने के बाद से ममता सरकार मंत्री रहे पार्थ चटर्जी और उनकी करीबी अर्पिता चटर्जी को लेकर चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। अर्पिता चटर्जी को लेकर ईडी का दावा है कि मंत्री रहते पार्थ चटर्जी ने अपनी पूरी काली कमाई को इनकी जरिए ही ठिकाने लगाया। ताजा खबर यह है कि अर्पिता चटर्जी के बंगले से चार लग्जरी कारें गायब बताई जा रही हैं। आशंका है कि इन कारों के जरिए नोटों को ठिकाने लगाने की कोशिश की जा रही है। ईडी ने अपनी जांच तेजी कर दी है। वहीं एक और बड़ा खुलासा यह हुआ है कि अर्पिता चटर्जी के एक फ्लैट से जांच अधिकारियों को आपत्तिजनक चीजें मिली हैं जिनमें सेक्स टॉय भी शामिल हैं। ईडी सूत्रों के मुताबिक. गिरफ्तार अर्पिता मुखर्जी के फ्लैट से कई सेक्स टॉय बरामद हुए हैं। चांदी का एक कटोरा भी मिला। चांदी के बर्तन ज्यादा महंगे नहीं होते, लेकिन इस चांदी के कटोरे का एक और सामाजिक पक्ष है। बंगालियों में नवविवाहित जोड़े को चांदी का कटोरा दिया जाता है। यह प्राचीन परंपरा है, जिसमें दीप प्रज्वलित कर आने वाली पीढ़ी को दुनिया के सामने लाने की कामना की गई है। इस बात को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि अर्पिता के फ्लैट में ये सब चीजें क्यों आईं।



### मध्यप्रदेश के किसानों हेतु 35 करोड़ की परियोजना को मिली सौगात

# जनेकृविवि को दलहन फसलों हेतु मिला सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स

**जबलपुर,यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय द्वारा मध्यप्रदेश व देश के कृषकों हेतु विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन की सप्रेरणा व मार्गदर्शन में सतत् कृषि शिक्षा, शोध एवं विस्तार के कार्य जारी है। इसके साथ ही अनुसंधान व प्रजनक बीज एवं नवीनतम किस्मों को तैयार कर कृषकों को विश्वविद्यालय सौगात देने में हमेशा अग्रणी रहा हैं। परिणाम स्वरूप मध्यप्रदेश के कृषकों के खेती में विविधीकरण हेतु दलहन फसलों को प्रमुख रूप से अरहर, चना, मूंग, उड़द, मसूर आदि के व्यापक रूप से कार्य करने व योजनाबद्ध तरीके एवं सही रोड मेप बनाकर कार्य करने हेतु राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अन्तर्गत किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स ऑन पल्स रिसर्च एण्ड डेव्हलपमेंट हेतु 35 करोड़ को परियोजना की सौगात प्रदान की गई। विश्वविद्यालय के संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी. के. कौतू ने जानकारी देते हुये बताया कि दलहन विकास के क्षेत्र में विश्वविद्यालय द्वारा विपुल उत्पादन देने वाली दलहनी फसलों की प्रजातियों का विकास किया गया है। जैसे चना ( 29 किस्मे) अरहर (3 किस्म) मूंग ( 2 किस्म ), उड़द (1 किस्म ) मसूर (2 किस्म ) तथा मटर (2 किस्म) देश के 40 प्रतिशत रकबे में विश्वविद्यालय द्वारा विकसित चना फसल की खेती की जाती है। परिणाम स्वरूप सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स परियोजना की सौगात विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों का अथक मेहनत व शोध को है। यह परियोजना 3 वर्ष हेतु दलहनी फसलों के शोध, नई किस्मों को विकसित करना व कृषकों के बीच कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से फसल विविधीकरण हेतु प्रक्षेत्र







परीक्षण एवं प्रशिक्षण के कार्य आयोजित किये जायेंगे। दलहन परियोजना के रबी मौसम की फसलों हेतु समन्वयक की भूमिका विश्वविद्यालय के चना फसल की ख्यातिलब्ध वैज्ञानिक डॉ. अनीता बब्बर एवं खरीफ मौसम की फसलों हेतु समन्वयक की भूमिका डॉ. संजय सिंह, कृषि वैज्ञानिक द्वारा किया जायेगा। दलहन परियोजना का सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में किसानों हेतु टीम द्वारा कार्यों को मूर्तरूप प्रदान किया जायेगा। इस टीम में प्रमुख रूप से संचालक प्रक्षेत्र डॉ. दीप पहलवान, डॉ. आर. एस शुक्ला, डॉ. पी. बी. शमा, डॉ. मोनी थॉमस, डॉ. आर. शिवरामाकृष्णन, डॉ. स्तुति शर्मा, डॉ. एच. के. राय एवं अन्य केन्द्रों के कृषि वैज्ञानिकों की भागीदारी होगी। दलहन सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स के अन्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा शोध, विकास, उत्पादन एवं प्रचार-प्रसार में व्यापक कार्यों को प्राथमिकता से किया जायेगा। इस कार्य हेतु मध्यप्रदेश के दोनों कृषि विश्वविद्यालय के साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्रों की अतिमहत्वपूर्ण भूमिका होगी। दलहनी फसलों हेतु परियोजना के प्रमुख बिंदु 1. फसल विविधीकरण पर विशेष जोर ।2. दलहन फसलों के अनुसंधान ।3. उत्तम गुणवत्ता के फसलोत्पादन एवं लागत कम करने हेतु कार्ययोजना । 4. रोग रोधक दलहनी फसलों का विकास करना ।5. विपुल उत्पादन हेतु दलहनी फसलों की किस्मों का प्रजनक बीज उत्पादन । 6. भण्डारण व कीटो की रोकथाम पर अनुसंशायें । 7. जैविक साधनों का उपयोग (बीजोपचार व जैव उर्वरक ) 8. कृषकों के खेतों तक शोध का प्रचार-प्रसार पर जोर । 9. दलहनी फसलों की कटाई में मशीनीकरण को प्रोत्साहन । 10. दलहनी फसलों की व्यापक खेती में महिलाओं की भागीदारी हेतु प्रयास । 11. दलहनी फसलों हेतु सीड़ हब केन्द्रों द्वारा प्रयास।

## कल राज्यपाल करेंगे पं. हरिकृष्ण त्रिपाठी की मूर्ति का अनावरण

**जबलपुर,यशभारत।** साहित्य अकादमी भोपाल एवं श्रीजानकीरमण महाविद्यालय जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव एवं महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष के पुनीत अवसर पर पत्रकार, शिक्षाविद, मूर्धन्य साहित्यकार पं. हरिकृष्ण त्रिपाठी की मूर्ति का अनावरण एवं



उनकी स्मृति में व्याख्यानमाला का आयोजन शनिवार 30 जुलाई को दोपहर 2:00 से श्रीजानकीरमण महाविद्यालय आगा चौक जबलपुर में किया गया है मूर्ति अनावरण समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल मध्यप्रदेश मंगु भाई पटेल रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता शरदचंद पालन अध्यक्ष शासी निकाय, श्रीजानकीरमण न्यास, जबलपुर करेंगे। समारोह में सारस्वत अतिथि के रूप में राकेश सिंह, सांसद जबलपुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. मुकेश तिवारी कुलपति शंभू नाथ विश्वविद्यालय शहडोल, डॉ विकास दवे निदेशक साहित्य अकादमी, संस्कृति विभाग भोपाल, डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, प्राचार्य, श्रीजानकीरमण महाविद्यालय जबलपुर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के संरक्षक प्रो. कपिल देव मिश्र, कुलपति रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, डॉ लीला भलावी अतिरिक्त संचालक जबलपुर संभाग जबलपुर, डॉ. पवन तिवारी, डॉ. ए.सी तिवारी है। इस अवसर पर सृजन के सशक्त हस्ताक्षर पुस्तक का लोकार्पण भी किया जावेगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आनंद सिंह राणा संयोजक, आयोजन समिति एवं डॉ. शक्ति सिंह मंडलोई सचिव आयोजन समिति करेंगे।



# मेडिकल कॉलेज में वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे पर आयोजन

### हेपेटाइटिस बी ,सी से होने वाली गंभीर बीमारी से बचाव की दी जानकारी

**जबलपुर,यशभारत।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में मेडिसिन विभाग की ओ.पी.डी. में विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर डॉ. रितु गुप्ता एसोसिएट प्रोफेसर डॉ प्रशांत पुणेकर एवं एसोसिएशन प्रोफेसर एवं नोडल अधिकारी एन.वी.एच.सी.पी. राष्ट्रीय वायरल हेपिटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम एवं समस्त पी जी डॉक्टर्स की अध्यक्षता में वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे के उपलक्ष्य में मरीजों को हेपेटाइटिस बी एवं सी से होने वाली गंभीर बीमारी से बचाव एवं राष्ट्रीय प्रोग्राम के तहत मिलने वाली समस्त सुविधाओं के बारे में जानकारी दी, इसमें अधिक से अधिक मरीजों एवं उनके रिश्तेदारों ने उपस्थिति दी, इसके पश्चात सभी को मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# जेल की दीवार पर बैठा हुआ था विशालकाय सांप

### कैदियों को आ गया पसीना,जेल अधिकारियों के भी उड़ गए होश

**जबलपुर, यशभारत।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस केंद्रीय जेल में आज उस समय हड़कंप मच गया जब अचानक ही जेल के भीतर एक विशालकाय सांप नजर आया। जेल में सांप देखते ही कैदियों सहित जेल कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में जेल विभाग के अधिकारियों ने सर्प विशेषज्ञ को बुलवाया और सांप पकड़कर जंगल में छुड़वाया गया।नेताजी सुभाष चंद्र बोस केंद्रीय जेल में पदस्थ अधिकारियों ने बताया कि गौशाला के पास एक विशालकाय सांप कैदियों ने देखा, जिसकी जानकारी मिलते ही सर्प विशेषज्ञ को जेल में बुलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद सर्प विशेषज्ञ ने सांप को पकड़ा और फिर उसे जंगल में छोड़ दिया।जानकारी के मुताबिक अक्सर बरसात के समय जेल के आसपास सांप घुस आते हैं, जिससे कि कैदियों के अलावा गौशाला में बंधी गायों और जेल कर्मचारियों को भी जान का खतरा बना रहता है। आज जो सर्प जेल में दिखा है वह तकरीबन 10 फीट का बताया जा रहा है, जिसे की सर्प विशेषज्ञ ने पकड़कर जंगल में छोड़ दिया है।





# कुंडम- शहपुरा और पनागर में भाजपा का कब्जा

### शहपुरा से ललिता, कुंडम से सुरेंद्र और पनागर से शैलेंद्र पटेल जनपद अध्यक्ष बने

**जबलपुर, यशभारत।** कुंडम- शहपुरा और पनागर में जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा ने कब्जा कर लिया। शहपुरा से ललिता चैन सिंह, कुंडम में सुरेंद्र धुर्वे और पनागर से शैलेंद्र पटेल जनपद अध्यक्ष बने है। भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष रानू तिवारी ने बताया कि तीन जनपद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पर भाजपा के प्रत्याशी जीते हैं। विधायक इंदू तिवारी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत विकास की धरा से जुड़ेंगी।

**शहपुरा**- भाजपा- ललित चैन सिंह
**कुंडम**- कुंडम- सुरेंद्र धुर्वे
उपाध्यक्ष- सुरेंद्र ठाकुर
**पनागर- अध्यक्ष**- शैलेंद्र पटेल
**उपाध्यक्ष**- रेखा राजेन्द्र पटेल

### नागरिकों को दी गई सिंगल यूज प्लास्टिक और होम कम्पोस्टिंग की जानकारी

# कलेक्टर एवं निगमायुक्त ने किया 101 पौधों का रोपण

**जबलपुर,यशभारत।** संग्राम सागर बाजना मठ नगर निगम के गार्डन में साथी मानव जन कल्याण समिति तथा जॉगर्स ग्रुप के द्वारा आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी एवं आयुक्त आशीष वशिष्ठ एवं समिति द्वारा 101 पौधों का वृक्षारोपण किया गया जिसमें नगर निगम के स्वच्छता जागरण टीम के द्वारा उपस्थित नागरिकों को घरेलू कचरे से खाद बनाकर उसे गार्डन में उपयोग करने हेतु विधियां बताई गई। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ इलैया राजा टी एवं निगम आयुक्त आशीष वशिष्ठ ने स्वच्छता के कार्यों में क्षेत्र वासियों की सहभागिता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया एवं कहा है कि होम कंपोस्टिंग के माध्यम से घरों से निकलने वाले कचरे से खाद बनाई जा सकती है एवं इसे अपनाया जाना आज की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में सहायक आयुक्त अंकिता जैन, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक हर्षा पटेल, अगस्ते वर्मा स्वच्छता सेल से मोहित पटेल, देव पाठक तथा सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी की टीम के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक एवं होम कंपोस्टिंग के संबंध में जानकारी दी गई इस कार्यक्रम में डॉ नीलिमा सिंह मिस इंडिया परसोना डॉक्टर मयूरी बोरा मिस इंडिया मध्य प्रदेश फर्स्ट रनर अप द्वारा लोगों को स्वच्छता के संदेश दिए गए कार्यक्रम के उपरांत जन जागरण जन स्वास्थ्य विभाग के द्वारा गणेश मैदान गढ़ा में समर्पित जन कल्याण समिति के रहवासी कॉलोनी के लोगों के द्वारा नगर निगम के सहयोग से वृक्षारोपण किया गया साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने हेतु नागरिकों के साथ बैठक की गई।



### मिस इंडिया परसोना एवं मिस इंडिया मप्र की फर्स्ट रनर अप की उपस्थिति में आयोजन*

# दस्तक अभियान के अंतर्गत आठ हजार चार सौ छप्पन बच्चों की जाँच

**जबलपुर,यशभारत।** जिले में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों की सेहत की जाँच घर-घर पहुंचकर दस्तक दल के द्वारा की जा रही है ।जिसके अंतर्गत गुरुवार को 291 दलों के द्वारा कुल आठ हजार चार सौ छप्पन बच्चों की जाँच की गई , 7295 बच्चों को विटामिन ए का अनुपूरण किया गया । एनीमिया के लक्षण वाले 635 बच्चे मिले जिनमें 30 बच्चे सीवियर एनीमिया से पीड़ित थे ,बच्चों की कुपोषण के स्तर की जांच में 33 बच्चे सेम वाले मिले । डायरिया के 134 व निमोनिया से पीड़ित 4 बच्चे पहचान किये गए कुल 102 बच्चों को रेफर कर उच्च चिकित्सा संस्थान के लिये भेजा गया । जिले में दस्तक की नियमित सघन मोनिटरिंग वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरंतर की जा रही है । राज्य स्तर से भी एक दल का दो दिवसीय दौरा कार्यक्रम आज से शुरू हुआ । यह दल 30 जुलाई तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर चल रही दस्तक गतिविधियों की पड़ताल करेगा । दो दिवसीय राज्य स्तरीय दल के आगमन को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रत्नेश कुररिया एवं नोडल अधिकारी डॉ एस एस दाहिया ने जिले के समस्त दलों को दस्तक कार्यक्रम के दौरान समस्त आवश्यक उपकरण व दवाएं साथ रखने के निर्देश दिए हैं साथ ही सभी को कार्यक्रम के अनुसार अपने अपने क्षेत्र में उपस्थित रहने व सभी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए प्रत्येक बच्चे की सम्पूर्ण स्क्रीनिंग करने के आदेश दिए हैं , जिससे मध्यप्रदेश शासन की मंशा अनुसार बच्चों की बाल-मृत्यु में कमी लायी जा सके ।



### करीब एक सैंकड़ा बच्चे किये गए रैफर




# एससी, एसटी के छात्रों को नि:शुल्क पुस्तकें

**जबलपुर, ।** जबलपुर आईसेक्ट प्रधानमंत्री कौशल केंद्र, जबलपुर के प्रांगण में प्रतियोगी परीक्षा की नि:शुल्क स्पेशल कोचिंग योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाराज अग्रसेन वार्ड के पार्षद कमलेश अग्रवाल एवं सब एम्प्लॉयमेंट ऑफिस से उप प्रादेशिक रोजगार अधिकारी श्रीमती जयता गुप्ता उपस्थित रहीं । कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया स्पेशल कोचिंग योजना में अध्यनरत एससी, एसटी के छात्रों को पार्षद कमलेश अग्रवाल , एवं श्रीमती जयता गुप्ता द्वारा नि:शुल्क पुस्तक वितरण किया गया, जिसमे श्री अग्रवाल द्वारा छात्रों को अपने लक्ष्य के प्रति गुण संकल्पित रहने एवं अपने भविष्य के प्रति जागरूक रहने तथा जीवन में सफलता को हासिल करने हेतु प्रेरित किया गया, साथ ही उप प्रादेशिक रोजगार अधिकारी श्रीमती जया गुप्ता ने छात्रों को अपने भविष्य के प्रति जागरूक रहने एवं उनके भविष्य की उज्जवलता की कामना की एवं छात्रो को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता के लिए नियमितता एवं गंभीरता अति आवश्यक है । आइसेक्ट के क्षेत्रीय प्रबंधक निशांत श्रीवास्तव द्वारा स्पेशल कोचिंग योजना एवं उससे जुड़े केरियर की संभावनाओ को व्यक्त करते हुए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओ की जानकारी सभी छात्रों को प्रदान की । केंद्र प्रमुख सुनील सोनी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत छात्रों को आशुलिपि, टाइपिंग, सामान्य ज्ञान, इंग्लिश के लिए विषय विशेषज्ञों द्वारा विशेष प्रसिक्षण प्रदान किया जा रहा है एवं अंत में सभी अतिथियों एवं छात्रों का आभार व्यक्त किया गया । कार्यक्रम में आइसेक्ट से प्रिय सोनी, प्रतीक्षा जैन, रूचि शुक्ल, राजुल सोनी, विशाल विश्वकर्मा, अखिल श्रीवास्तव, एवं साहिल साहू का विशेष योगदान रहा ।

# मुहर्रम का चाँद आज नजर आने की उम्मीद

**जबलपुर, ।** मुफ्तीए आज़म मध्य प्रदेश हज़रत मौलाना मोहम्मद हामिद अहमद सिद्दीकी के अनुसार 29 जुलाई मुताबिक उन्तीस जिल्हज को मुहर्रम का चाँद नजर आने की उम्मीद है। आजकल मौसमे बरसात में आसमान अब्र आलूद रहता है। लिहाजा साय मगरिब के वक्त आसमान पर चाँद देखने की पूरी कोशिश करें। चाँद नजर आने पर मौलाना साहब के मोबा- 9302256729, 9926315991 पर फौरन इत्तिला दे। ताकि राब्ता कायम करने मे सहूलियत हो और मुहर्रम शरीफ के चाँद का एलान किया जा सके। गौरतलब है कि पहली मुहर्रम से इस्लामी नए साल हिजरी सन् 1444 का आगाज होगा।

### शिक्षा विभाग को बना दिया लैब

# नित नये आदेशों में उलझाया शिक्षकों को

**जबलपुर-यशभारत। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संघ ने आरोप लगाया कि शिक्षकों को नित नये आदेशों में उलझा कर रख दिया है। जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र के नित नए आदेशों ने शिक्षा विभाग को लैब बना दिया है जिससे शिक्षकों को प्रतिदिन सिर्फ और सिर्फ आदेशों का पालन करने, डाक बनवाने, और तरह तरह के नियमों में उलझा कर रखा हुआ है जिस वजह से सिर्फ और सिर्फ अध्यापन कार्य प्रभावित होता है क्योंकि शिक्षकों को अन्यत्र इतने ज्यादा कार्य दिए जाते है कि वे अपने मूल कार्य पर फोकस नहीं कर पाते फलस्वरूप विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है।**

शिक्षकों को विभिन्न प्रकार के आदेशों से मुक्त कर सिर्फ अध्यापनकार्य नहीं कराया जाता। जिससे शिक्षकों में रोष व्याप्त है। संघ के हेमंत ठाकरे, एनोस विक्टर, दिनेष गौंड़, रॉबर्ट फ्रांसिस, धनराज पिल्ले, सुनील झारिया, योगेष ठाकरे, उमेष सिंह ठाकुर, रऊफ खान, विनय रामजे, विनोद सिंह, देवेन्द्र पटेल, अफरोज खान, नीरज मरावी, विरेन्द्र श्रीवास, गुडविन चार्ल्स, सुधीर अवधिया, सुधीर पावेल, आदि ने आयुक्त राज्य षिक्षा केन्द्र से मांग की है कि षिक्षा विभाग में नित नये प्रयोगों को बंद कर शिक्षकों को सिर्फ अध्यापन कार्य पर फोकस करने दिया जाएं।




### दर्जनों लघुवेतन कर्मचारी समयमान वेतनमान से वंचित*

उधर म.प्र.तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया की जबलपुर जिले में शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यालयों एवं विद्यालयों में पदस्थ लघु वेतन कर्मचारी जिनकी एक ही पद पर एक ही वेतनमान में 10 , 20 एवं 30 वर्षों की सेवायें पूर्ण हुए लगभग दो वर्षों से अधिक का समय व्यतीत हो गया है किन्तु इन अल्प वेतन भोगी कर्मचारियों प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय समयमान वेतनमान दिये जाने संबंधी आदेश जिला शिक्षा अधिकारी की उदासीनता के चलते जारी नहीं हो पा रहे हैं , समयमान वेतनमान के इंतजार में कई लघुवेतन कर्मचारी सेवा निवृत्त होते जा रहे हैं । यह कर्मचारी विगत कई वर्षों से बिना पदोन्नति के एक पद एवं वेतन पर कार्य करने मजबूर हैं । जिला शिक्षा अधिकारी की इस कर्मचारी विरोधी कार्यप्रणाली लापरवाही , हटधर्मिता के चलते इन कर्मचारी में भारी रोष व्याप्त है । संघ के योगेन्द्र दुबे अर्वेन्द्र राजपूत अवधेश तिवारी अटल उपाध्याय , मुकेश सिंह , मन्सूर बेग , आलोक अग्निहोत्री , गोविन्द विल्थरे , डी.डी. गुप्ता , रजनीश तिवारी , चंदु जाउलकर , दुर्गेश पाण्डे , बृजेश मिश्रा , सुधीर पण्डया , विपिन शर्मा , रवि बांगर , कमलेश यादव , रमाकांत वाजपेयी , राकेश तिवारी , पंकज शर्मा , सी . एन . शुक्ला , सतीश देशमुख परशुराम तिवारी , मनोज खन्ना , राजेश चतुर्वेदी , वीरेन्द्र तिवारी , घनश्याम पटैल आदि ने आदि ने जिले के संवेदनशील कलेक्टर महोदय से मांग की है कि शिक्षा विभाग में कार्यरत लघुवेतन प्राप्त कर्मचारियों के समयमान वेतनमान के शीघ्र आदेश जारी कराये जावें तथा अनावश्यक विलंब के लिए दोषी जिला शिक्षा अधिकारी पर कार्यवाही की जाये ।

# 3 चोरों की गैंग को पुलिस ने दबोचा

## मिर्ची पाउडर, 3 मोबाईल, नगद 25 हजार 330 रूपये , बाइक जब्त

**जबलपुर, यशभारत। रांझी के मानेगांव तालाब के पास पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में बाइक सवार तीन आरोपियों को दबोचा है। जिनकी तलाश लेने पर 3 मोबाईल नगद 25 हजार 330 रूपये , टॉर्च, हथोड़ी, चाबी के गुच्छे सहित बाइक जब्त की गई है। आरोपियों की यह गैंग चोरी करने की नियत से रैकी कर रही थी। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ जारी है।**

जानकारी अनुसार पुलिस ने बताय कि देर रात पेट्रोलिंग में सूचना मिली कि तीन युवक संदिग्ध अवस्था में मानेगांव तालाब के पास बाइक में एक साथ घूम रहे हैं । एक के हाथ में लोहे की रॉड , हथोड़ी तथा टार्च हैं जो चोरी की घटना करने के फिराक में हैं। जिसके बाद मुस्तैद पुलिस ने मानेगांव तालाब के पास अमन विरहा 24 वर्ष निवासी कटनी दफाई रांझी एवं विनय रजक 19 वर्ष निवासी गंगामैया रांझी तथा विशाल उर्फ हिमांशु



झारिया 21 वर्ष निवासी मस्ताना चौक को दबोचा।

### रैकी कर रहे थे

पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के पास से थैले के अंदर एक टार्च , एक हथोड़ी एवं तीन मोबाइल चाबी के गुच्छे , एक लोहे की रॉड , मिर्ची पावडर तथा नगद 25 हजार 330 रूपये सहित बिना नम्बर की काले रंग की स्पेलेण्डर हीरो कम्पनी जब्त करते हुये आरोपी संदिग्ध अवस्था में चोरी अथवा कोई बड़ी घटना के उद्देश्य से चोरी करने के औजार लिये हुये संदिग्ध अवस्था में घूमते पाये जाने से गिरफ्तार किया गया।



# अधारताल में पिता की बेरहम पिटाई

## बेटे को चाहिए पूरी संपत्ति, बाप ने कहा मेरा ख्याल कौन रखेगा

**जबलपुर,।** अधारताल के रामनगर में 66 साल के पिता को बेटे ने इतना पीटा गया कि वह घायल हो गया। बेटे को पूरी संपत्ति चाहिए लेकिन पिता का कहना है कि अगर वह पूरी संपत्ति उसे देगा तो फिर उसका ख्याल कौन रखेगा क्योंकि संपत्ति मिलने के बाद बेटा उसे नहीं पूछेगा। अधारताल थाने में शिकायत करते हुए पीड़ित पिता ने बेटे के खिलाफशिकायत दजज़् कराई। पिता ने पुलिस से बेटे पर कड़ी कारज़्वाई करने को कहा।

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गोविंद कोरी स्व. दुगाज़् प्रसाद कोरी 66 वषज़् निवासी रामनगर ने बताया कि घर में विवाद के बाद बेटा बादल सिंग कोरी ने उसके साथ जमकर मारपीट की। बादल सिंह ने बाप-बेटे के रिश्ते को भुलाकर पिता गोविंद को बेदम तक मारा, लात घूसें, घसीट-घसीट कर उसे घर से बाहर कर दिया। यह नजारा कॉलोनी के जिसने भी देखा वह हैरान हो गया। क्षेत्रीय लोगों का कहना था कि जरा सी संपत्ति के लिए कोई अपने पिता को जानवरों जैसे कैसे मार सकता है। काफी देर विवाद होने के क्षेत्रीय लोगों ने बीच-बचाव कराया और पिता को बेटे से चुंगल से निकलवाया। पुलिस ने शिकायत पर कलयुगी बेटे की तालाश शुरू कर दी है।

### एटीएम से पैसे निकाल रहा था, बाइक हो गई चोरी

तो वहीं दूसरी ओर राकेश कुमार मिश्रा 24 साल निवासी सुहागी ने बताया कि वह मंडी के पास स्थित एसबीआई एटीएम से पैसे निकालने गया था, जब वह पैसे निकालकर वापस आया तो सामने खड़ी बाइक स्पेल्डर क्रमांक एमपी 20 एमक्यू 7714 को चोर उड़ाकर ले गया, पुलिस ने चोरी का मामला दजज़् कर जांच में लिया है।

# स्टेशन में दागदार हुई वर्दी

**जबलपुर यश भारत। जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 /5 में उस समय हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई जब एक वर्दीधारी एक व्यक्ति को पीट रहा है वर्दीधारी ने व्यक्ति को पीटने के बाद उसके दोनों पैर पकड़ आने के बाद प्लेटफार्म के नीचे लटका दिया जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया में इन दिनों जमकर वायरल हो रहा है वर्दीधारी कहां का है इसकी पतासाजी की जा रही है।**

इस घटना के संबंध में आरपीएफ पोस्ट प्रभारी ने बताया कि किसी व्यक्ति के साथ मारपीट करने वाला वर्दीधारी ना तो आरपीएफ का है और ना ही जीआरपी स्टाफ का है मारपीट करने वाला व्यक्ति सिविल पुलिस का बाहरी है जिसकी पतासाजी की जा रही है हालांकि सोशल मीडिया में वायरल हुए इस वीडियो को लेकर तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है उक्त घटना बुधवार को 3ः00 बजे मुख्य रेलवे स्टेशन जबलपुर के प्लेटफार्म नंबर 4 एवं 5 की बताई जा रही हालांकि इस घटना को लेकर आरपीएफ एवं जीआरपी दोनों घटना का पता लगाने का प्रयास कर रही है/

सोशल मीडिया में वायरल हुए इस वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि वर्दीधारी का एक नौजवान बुजुर्ग के साथ जमकर पीट रहा है।

वर्दीधारी द्वारा मारपीट का यह वीडियो मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस में हड़कंप मचा हुआ है कि आखिर यह जवान कौन है और किस वजह से बुजुर्ग को इतनी बेरहमी से पीट रहा है।

## रेल पुलिस रीवा एसपी से कर रही है संपर्क

# पुलिस जवान ने बुजुर्ग के साथ मारपीट कर प्लेटफॉर्म के नीचे लटकाया

## सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होते ही आरपीएफ जीआरपी पतासाजी करने में जुटीं





### रेल यात्री ने बनाया है वीडियो

इस घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जब अज्ञात वर्दीधारी किसी व्यक्ति को लात चूसो से पीट रहा था इसी दौरान ट्रेन में सवार किसी रेल यात्री द्वारा मारपीट का यह वीडियो बनाकर वायरल कर दिया यह वीडियो प्लेटफार्म पर खड़ी एक ट्रेन के अंदर से किसी यात्री ने बनाया है। बताया गया, उस समय यात्री के द्वारा सोशल मीडिया में घटना को लाइव चलाया जा रहा था। वहीं आरपीएफ और जीआरपी पुलिस का कहना है, इस सिलसिले में वेंडरों से बात की गई। स्टेशन पर काम करने वाले वेंडरों ने भी माना कि यह घटना हुई है, लेकिन पीड़ित व्यक्ति और पुलिस जवान की पहचान नहीं की जा सकी है।

वीडियो में दिख रहा है कि जवान वृद्ध को बुरी तरह से पीट रहा है जिसको लेकर लोगों में गुस्सा है कि पुलिस की यह अमानवीयता की हद है।

### रीवा एसपी से किया जा रहा है संपर्क

स्टेशन में बुजुर्गों के साथ वर्दीधारी द्वारा जिस तरह से मारपीट की गई उसको लेकर आरपीएफ एवं जीआरपी द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए जिसके आधार पर या ज्ञात हुआ है कि वर्दीधारी सिविल पुलिस का है इस संबंध में रीवा एसपी से रेल पुलिस संपर्क करने में लगी हुई है।

## वृद्धा को ट्राला ने मारी सीधी टक्कर, घायल

जबलपुर, यशभारत। माढ़ोताल के कटंगी बायपास में एक बेकाबू ट्राला ने देर रात एक वृद्धा को सीधी टक्कर मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। हादसे में पीड़िता के सिर में चोट आई है। वहीं घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि कुंदा अजमेरे पति हरेश्वर अजमेरे 57 साल, राइट टाउन जबलपुर की निवासी हैं। जो देर रात अपने घर जा रहीं थी, तभी बेकाबू ट्राला ने जारेदार टक्कर मारकर लहूलुहान कर दिया।

# बीड़ी के विवाद में मझौली में फूट गए 5 के सिर

## दोनों पक्षों ने जमकर भांजी लाठिया

जबलपुर, यशभारत। मझौली के ग्राम खांड में बीडी मांगने पर बवाल हो गया। जिसके बाद दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया। दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे पर जमकर लाठिया बरसाई। जिसमें करीब पांच लोग घायल हुए है। पुलिस ने काउंटर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि रविन्द्र गौंड़ 20 वर्ष निवासी ग्राम खांड ने पुलिस को बताया कि उसकी मम्मी श्रीमती वर्षा बाई ने शोर मचाया कि कालूराम झारिया से विवाद हो गया है तो वह अपने पापा शिशुपाल गौंड़ को रास्ते से पकड़कर घर ले गया । घर में पापा को छोड़ने के बाद कालूराम मेहरा के पास पूछने गया कि कि किस बात को लेकर पापा से लड़ाई हो गयी है , तो कालूराम मेहरा उसे गाली गलौज करते हुये लाठी से हमलाकर कर दिया। उसकी माँ एवं बहन तथा पिता ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया। तो वहीं, वहीं कालूराम मेहरा 52 वर्ष निवासी खांड ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर के सामने पत्थर में गांव के दौजी यादव के साथ बैठकर बातचीत कर रहा था तभी रात लगभग 9 बजे गांव का शिशुपाल गौंड़ आकर उससे बीड़ी मांगने लगा, उसने एक बीड़ी दी तो गाली गलौज करते हुये लाठी से हमलाकर कर दिया। उसकी पत्नी विमला बाई बचाने लगी तो लाठी से हमलाकर पत्नी वा बेटा ब्रजेश झारिया को भी घायल कर दिया।



## प्रेमचंद चक्रवर्ती का निधन

**जबलपुर।** चक्रवर्ती मोहल्ला गौतमजी मढ़िया निवासी श्री मूलचंद चक्रवर्ती का 69 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे प्रेमशंकर, मिथलेश चक्रवर्ती के पिता थे। अंतिम संस्कार गढ़ा स्थित चौहानी मुक्तिधाम में किया गया।

**आवश्यकता है**

**शिवाय इण्डस्ट्रीज इण्डस्ट्रीयल**
ऐरिया रिछाई मार्केटिंग के लिए सेल्समैन की आवश्यकता है।
**ऑफिसः** 1350 रानीताल बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर, (मप्र)
**मो. 9340164699**
**9770727890**

**यदि आप नौकरी पाना चाहते हैं**

अपने कौशल के साथ दिये गये मोबाइल नंबर पर संपर्क करें
**9009985689,**
**9131406684**
योग्यता कम से कम 12 वीं पास उम्र 18 से 27 वर्ष

## ट्रेन से कटकर मौत, दूसरे का शव पुल के नीचे मिला

**जबलपुर यशभारत** ।बीती रात जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2/ 3 के पैदल पुल के नीचे एक अज्ञात वृद्ध का शव पड़ा हुआ मिला तो लोगों द्वारा इसकी सूचना जीआरपी को दी गई । मौके पर पहुंची जीआरपी प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दिया । जीआरपी जबलपुर ने बताया कि मुख्य रेलवे स्टेशन के कटनी एंड के पैदल पुल के नीचे एक 65 वर्षीय वृद्ध की अज्ञात कारणों से मौत हो गई । मृतक कहां का रहने वाला है और यह घटना किन कारणों से घटी जीआरपी द्वारा मर्ग कायम कर घटना को जांच में लिया है । इसी तरह से जीआरपी गाडरवारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीती रात एक अज्ञात 40 वर्षीय युवक किसी ट्रेन से कट गया जिससे उसकी मौत हो गई जीआरपी ने बताया कि गुर्रा रेलवे स्टेशन के किलोमीटर 756/ 57 के डॉन रेलवे लाइन में छत विछत शव मिलने की सूचना पर जीआरपी मौके पर पहुंची मृतक कहां का रहने वाला है यह भी अज्ञात है जीआरपी द्वारा आसपास के ग्रामीणों को इस घटना की सूचना दी गई है किंतु अभी तक उसका कोई सुराग नहीं लगा है जीआरपी ने पंचनामा कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है/

# वीयू में ग्लोबल टाइगर डे मनाया गया

**जबलपुर,यशभारत।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ एंड फोरेंसिक हेल्थ में दिनांक 29 जुलाई 2022 को माननीय कुलपति डॉ सीता प्रसाद तिवारी जी के मुख्य आतिथ्य एवं श्री रविंद्र मणि त्रिपाठी ,(आईएएस)राज्य वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर के विशिष्ट अतिथि में मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत उपरांत वृक्षारोपण तथा बाघ संरक्षण पर पोस्टर का विमोचन किया गया जिसमेंज्ञ किलिंग टाइगर इस अ ग्रीड नोट द नीड़ का संदेश दिया गया जिससे जनसाधारण को बाघ संरक्षण हेतु जागरूक किया जा सके। मुख्य अतिथि जी ने अपने उद्बोधन भाषण में कहा कि कैसे हम वन्य प्राणी की संख्या बढ़ा सकते हैं तथा उनका संरक्षण कर सकते हैं इस दिशा में विश्वविद्यालय को और अधिक प्रयास करने होंगे जिस हेतु विश्वविद्यालय, फॉरेस्ट विभाग तथा पशुपालन विभाग सभी एक साथ मिलकर ऐसा कार्य करें जिससे कि प्रदेश के सघन जंगलों में ही वन्य जीवन के संरक्षण हेतु केंद्र स्थापित हो सके। विशिष्ट अतिथि द्वारा बाघ को पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने का एक प्रमुख घटक बताया। संपूर्ण कार्यक्रम अधिष्ठाता वेटनरी कॉलेज आर के शर्मा के मार्गदर्शन तथा संचालक स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ एंड फॉरेंसिक हेल्थ, डॉ शोभा जावरे के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में डॉ एसएस तोमर, डॉक्टर सुनील नायक डॉक्टर एसएस कारमोरे , डॉक्टर ए पी सिंह , अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ आदित्य मिश्रा , सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ सोना दुबे आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर के पी सिंह डॉक्टर अमोल रोकड़े के डॉक्टर देवेंद्र , डॉ सोमेश तथा स्नातकोत्तर के छात्र छात्राओं का योगदान रहा। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉक्टर निधि राजपूत द्वारा किया गया एवं आभार ज्ञापन डॉ के. पी. सिंह द्वारा किया गया।



## नगर की वैशाली ने World police and fire games में जीते एक स्वर्ण व रजत



**जबलपुर,यशभारत।** नगर की प्रतिभाशाली कराते खिलाड़ी वैशाली चक्रवर्ती ने हालैंड में आयोजित 19वीं World police and fire games में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्णिम कामयाबी हासिल कर देश ,प्रदेश और नगर का नाम रोशन किया। वैशाली ने 19वीं Vaishali Chakravarti में व्यक्तिगत - 61 किग्रा में रजत और टीम स्पर्धा 12 देशों के पुलिस प्रतियोगियों को हरा कर स्वर्ण पदक जीता है। वे संजयनगर यादव कालौनी निवासी राकेश चक्रवर्ती की सुपुत्री हैं। वैशाली के भाई विनय कुमार चक्रवर्ती जो स्वंय राष्ट्रीय खिलाड़ी रहेऔर वर्तमान में आफीशियल हैं,ने बताया कि वैशाली ने अपने भाई विनीत चक्रवर्ती -इंटरनेशनल खिलाड़ी - के साथ कोच गौरव सिंधिया के मार्गदर्शन में खेल के गुर सीखे हैं। वैशाली देहरादून में भारत तिब्बत पुलिस बल में कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि पर समाज, परिवार गौरवांवित है।

# अंतरराष्ट्रीय विश्व बाघ दिवस आज

# 10 बाघों की दहाड़ से गूंज रहा नौरादेही अयारण्य

**तेन्दूखेडा/दमोह,यशभारत।** दरअसल तीन जिले की सीमा में फैले हुए सागर दमोह और नरसिंहपुर जिले के 1197 वर्ग किमी भू भाग पर फैले नौरादेही वन्यप्राणी अभ्यारण्य का जंगली क्षेत्र पहले भेड़ियों के प्राकृतिक आवास के लिए जाना जाता था लेकिन 19 अप्रैल2018 को यहा कान्हा के बाघिन एन-1को लाया गया जिसे राधा नाम दिया गया राधा के रमने के बाद अभ्यारण्य में बांधवगढ़ से एन-2बाघ लाया गया जिसका नाम किशन रखा गया नौरादेही अभ्यारण्य बाघों के लिए मुफीद साबित हो रहा है यहा की आबोहवा ऐसी है कि पिछले चार सालों में बाघों का कुनबा चार गुना तक बढ़ गया है चार सालों में नौरादेही अभ्यारण्य मे बाघों की 2से बढ़कर 10 हो गई है वर्ष 2018 से अब तक ऐसा एक भी मौका नहीं आया है जब बाघों को लेकर कोई परेशानी अभ्यारण्य से सामने आई हो

### नौरादेही की जहरखुरानी मां की संघर्ष की कहानी

नौरादेही की रानी बाघिन राधा के साथ बचपन में जहरखुरानी की कहानी बेहद रोमांचक और संघर्ष से भरी है जब वह 7 माह की थी तब उसके पूरे परिवार को शिकारियों ने जहरीला पदार्थ खिला दिया था ज्यादा जहर न निगल पाने से बाघिन को बचा लिया गया था बाद में इसे कान्हा अभ्यारण्य में रखा गया जब इसे नौरादेही अभ्यारण्य लाया गया तब बाघिन के शरीर पर जहर के असर को देखते हुए उम्मीद कम थी कि यह मां बन सकेगी लेकिन 9 मई 2019 को राधा ने तीन शावकों



को जन्म देकर सबको चौंका दिया इसके बाद दूसरी बार भी जहरखुरानी बाघिन राधा ने नंवबर माह 2021 में दो शावकों को जन्म दिया तीन साल में बाघिन राधा ने पांच शावकों जन्म देकर पूरे वन विभाग को चौंका दिया इसके बाद नौरादेही अभ्यारण्य में बाघ की तीसरी पी ?ी ने जन्म लिया है यहां बाघिन राधा की बेटी एन-112 बाघिन ने 2022 अप्रैल माह में 2 शावकों जन्म दिया था जो कि नौरादेही अभ्यारण्य में बाघिन राधा की तीसरी पीढ़ी है नौरादेही अभ्यारण्य में वंशवृद्धि से बाघों का कुनबा बढ़कर 9 हो गया है एक अन्य बाघ आसपास के टाइगर रिजर्व से आकर यहां बस गया है यह प्रदेश का सबसे बड़ा अभ्यारण्य है नौरादेही अभ्यारण्य पन्ना टाइगर रिजर्व तथा रातापानी अभ्यारण्य के मध्य कॉरिडोर बनाता है यहीं कहीं से बाघ एन-3अभ्यारण्य में आकार बस गया है वह पिछले 1साल से यहा विचरण कर रहा है नौरादेही अभ्यारण्य में चार सालों में बाघों की संख्या 2से बढ़कर 10पहुंच गई है नौरादेही अभ्यारण्य बाघों के बसेरे के लिए काफी अनुकूल है यहां विविध प्राकृतिक संरचनाएं है जो कि इसे नेशनल पार्क बनाने की दिशा में आगे बढ़ाती है बाघ-बाघिन से शावकों का जन्म सेंचुरी की वन्यजीवों के प्राकृतिक वांस के लिए तमाम संभावनाओं को दर्शाता है यहा बाघ पुर्नस्थापना प्रोजेक्ट का सक्सेस होना देश के लिए गौरव की बात है जो कि चार साल में अभ्यारण्य में बाघों की संख्या 10 है

### खान पान सहित ठहरने की सुविधा टूरिस्ट वाहन चलाने प्लानिंग

अब नौरादेही अभ्यारण्य में पन्ना टाइगर रिजर्व की तरह पर्यटकों के लिए सुविधाएं मिलेंगी ईको टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से यहां टूरिज्म गतिविधियों को बढ़ावा देने पर काम चल रहा है टूरिज्म को सैर सपाटे ठहरने खान पान और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी डोंगरपुर गांव के सरसैला पंचवटी एरिया में कैफेटेरिया व रुकने के लिए 2 कॉटेज बनाए जा रहे हैं वहीं दो नए प्रवेश द्वार का काम चल रहा है अभ्यारण्य के बीच से निकले सागर जबलपुर रोड पर एक द्वार हिनौती और दूसरा झापन में बनाया जा रहा है यहीं से टिकट और 2सरकारी टूरिस्ट वाहन(जिप्सी)की की व्यवस्था रहेगी वहीं आसपास के गांवों के लोगों को रोजगार देने के लिए प्राइवेट टूरिस्ट वाहन चलाने की भी प्लानिंग चल रही है।

### इनका कहना

नौरादेही में बाघों की.वंशवृद्धि से प्रदेश में एक और टाइगर रिजर्व की संभावनाएं प्रबल हो रही है अगले कुछ सालों में यहां बाघों की अच्छी खासी तादाद होगी अभ्यारण्य में टूरिज्म गतिविधियां बढ़ाने के लिए ईको टूरिज्म बोर्ड से काम कराए जा रहे हैं यहीं भी पन्ना टाइगर रिजर्व की तरह टूरिस्ट को तमाम सुविधाएं मिलें ऐसा प्रयास है इस दिशा में काम आगे बढ़ रहा है पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यह प्रस्ताव लंबे समय से तैयार था ।

**अमित कुमार दुबे सीसीएफ सागर**

नौरादेही अभ्यारण्य में अभी कुल 10 बाघ है नौरादेही में बाघों के लिए अनुकूल आवास और शिकार के लिए पर्याप्त वन्यप्राणी है अभ्यारण्य प्रबंधन द्वारा वन्यजीवों की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है और इसके लिए दो हाथियों के साथ नियमित गशत की जाती है अभ्यारण्य में बाघों के विचरण क्षेत्र में उनकी निगरानी के लिए कैमरे लगाए गए हैं ।

**सेवाराम मलिक एसडीओ नौरादेही अभ्यारण्य**

नौरादेही अभ्यारण्य की विशेषता यह है कि यहां विविध प्राकृतिक संरचनाएं जैसी नदी पहाड़ पोखर घना जंगल वनस्पति वन्यजीव व पक्षियों की अलग अलग प्रजाति देखने को मिलती है सर्दी के मौसम में यहां प्रवासी पक्षियों को बसेरा रहता है बाघों का बढ़ता कुनबा और टूरिज्म को लेकर सुविधाएं बढ़ने से यहां टूरिस्ट खुद ही खिचें चलें आएंगे ।

**अमित सांकल्या वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शहपुरा (भिटोनी) जिला- जबलपुर**
रा.प्र.क्र./0006/बी-113/2022-23, ग्राम- नटवारा, प.ह.नं. 34, रा.नि.मं. शहपुरा

**आम इश्तहार**

आम जनता ग्राम नटवारा, प.ह.नं. 34, रा.नि.मं. शहपुरा, तहसील शहपुरा, जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक सेठ मन्नूलाल जगन्नाथ दास हास्पिटल ट्रस्ट जबलपुर द्वारा मैनेजर सुधेश मिश्रा, निवासी जबलपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि मौजा नटवारा, प.ह.नं. 50, राजस्व निरीक्षक मण्डल शहपुरा, जिला जबलपुर स्थित भूमियाँ खसरा नंबर 59/1, 59/3, 60, 63/1, 63/3, 63/4, 64, 68/1, 68/3, 70, 73, 77/1, 77/3, 77/5, 78/1, 78/3, 133, 141, 151, 152, 324, 334/1/1, 338/1, 401, 403, 464, 468, 506/1, 507, 512, 513, 520, 547, 558, 559, 604 रकबा क्रमशः 1.46, 10.29, 4.25, 12.46, 0.60, 0.02, 12.00, 2.69, 0.50, 11.36, 8.08, 2.22, 12.87, 0.50, 7.00, 0.94, 1.28, 0.42, 10.32, 11.36, 2.62, 1.69, 1.28, 1.01, 0.75, 16.02, 14.92, 0.54, 0.80, 0.11, 0.05, 1.29, 0.75, 8.31, 34.58, 4.92 कुल रकबा 200.26 हे. सेठ मन्नूलाल जगन्नाथदास ट्रस्ट हॉस्पिटल हनुमानताल, जबलपुर के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त ट्रस्ट की भूमियों में से मौजा नटवारा की भूमि खसरा नंबर 59/1, 59/3, 60, 63/1, 63/3, 63/4, 64 रकबा क्रमशः 1.46, 10.29, 4.25, 12.46, 0.60, 0.02, 12.00 कुल रकबा 44.12 हे. को विक्रय किये जाने की अनुमति बाबद न्यायालय पंजीयक लोक न्यास जबलपुर के समक्ष आवेदन पेश किया गया था । जिसका 02/बी-113/2/2012-13 में पारित आदेश दिनांक 18/06/2013 को 22.06 प्रकरण क्रमांक हे. भूमि विक्रय की जाने की अनुमति प्रदान की गई है। उक्त आदेश के विरूद्ध माननीय म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर में पिटीशन पेश की गई थी जिसमें स्थगन आदेश जारी किया गया था। जो कि दिनांक 28/09/2021 को डिसमिस हो गई है। इस कारण से स्थगन आदेश समाप्त हो गया। स्थगन आदेश के कारण उक्त भूमियाँ विक्रय नहीं की जा सकी। आदेश दिनांक 18/06/2013 काफी समय हो जाने से उपपंजीयक द्वारा उक्त आदेश का पुनः नवीकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। वर्तमान में हास्पिटल में आधुनिकरण किये जाने के लिए भूमि विक्रय किया जाना आवश्यक है जिसमें से जो आय होगी उस राशि का व्यय न्यास के उद्देश्यों की पूर्ति अस्पताल, भवन निर्माण हेतु किया जावेगा। जो ट्रस्ट हित में आवश्यक है। आवेदक उक्त भूमि विक्रय करने हेतु पुनः आदेश नवीनीकरण करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इसमें जिस किसी व्यक्ति या हितबद्ध पक्षकारों को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति दावा पेशी दिनांक तक प्रस्तुत कर सकता है बाद में प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतः उक्त भूमि विक्रय किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह नियत दिनांक 05/08/2022 को न्यायालय में स्वयं या अधिकृत व्यक्ति/ अधिवक्ता के माध्यम से अपनी दावा आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के उपरान्त किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 18/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

पेशी दिनांक- 05/08/2022

अनुविभागीय अधिकारी
शहपुरा (भिटोनी)

# 3 दिन से बिजली बंद होने से परेशान रहवासियों ने किया चक्का जाम

### दो घंटे तक बंद रहा हाइवे, दो किलोमीटर तक वाहनों की लगी कतार

**भोपाल ( यश भारत )।** हाउसिंग फार आाल प्रोजेक्ट के तहत कोकता ट्रांसपोर्ट नगर में बनाई गई मल्टी में रहने वालों ने गुरुवार को आरटीओ कार्यालय के सामने इंदौर हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। जिसके चलते हाई-वे पर दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। रहवासियों की शिकायत थी कि बीते तीन दिन से उनके यहां का बिजली कनेक्शन काट दिया गया है। जिससे लिफ्ट, स्ट्रीट लाइट व पानी का कनेक्शन बंद है। लोग पीने के पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। जबकि नगर निगम आधी-अधूरी सुविधाओं के बदले पूरा मेंटेनेंस चार्ज वसूल रहा है। कोकता मल्टी के रहवासियों ने बताया कि जब उन्होंने फ्लैट खरीदा तब निगम ने कवर्ड कैंपस, बच्चों के लिए खेल मैदान, सीसीटीवी सर्विलांस, लिफ्ट, कामर्शियल कांम्पलेक्स, भव्य प्रवेश द्वार, बेहतर साफ-सफाई, क्लब हाउस, बागीचे, जागिंग ट्रैक, एक्यूपंचर पाथ-वे की सुविधा का वादा किया था। इन सुविधाओं के एवज में हमें प्रतिमाह 815 रुपए मेंटेनेंस चार्ज देना है, लेकिन जब यहां लिफ्ट के सिवा अन्य कोई सुविधा है ही नहीं। तो हम 815 रुपए किस बात का मेंटेनेंस चार्ज दें। वर्तमान में जो सुविधाएं मिल रही हैं उसके हिसाब से 350 रुपए मेंटेनेंस चार्ज बनता है। लेकिन, निगम जबरन हमसे 850 रुपए वसूलना चाहता है। वहीं अचानक पंप हाउस की बिजली काट दी गई, जिससे लोग तीन दिन से पानी के लिए परेशान हो रहे हैं।



### 200 से अधिक महिलाओं ने दो घंटे बंद रखा हाईवे

बता दें कि दोपहर करीब दो बजे कोकता मल्टी के लोग मल्टी के गेट पर इकट्ठा हुए और निगम के खिलाफ नारेबाजी की। करीब आधा घंटे यहां प्रदर्शन के बाद लोग हाईवे पहुंचे और करीब तीन बजे सड़क के बीचोंबीच बैठ चक्का जाम कर दिया। ऐसे में कुछ ही देर में हाईवे पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार रह गई। चक्काजाम की खबर लगते ही क्षेत्रीय टीआई और नवनिर्वाचित पार्षद राजेश राय मौके पर पहुंचे और समझाईश दी, लेकिन लोग सड़क से नहीं हटे। उनका कहना था कि निगम आयुक्त मौके पर आएं। हालांकि शाम करीब साढ़े चार बजे एसडीएम मौके पर पहुंचे और लोगों से चर्चा कर बिजली कनेक्शन जुड़वाने का भरोसा दिलाया। जिसके बाद करीब पांच बजे चक्काजाम खत्म हुआ।




# जेपी अस्पताल की मरम्मत और रंगरोगन के लिए मिलेंगे 18 लाख

### प्रदेश में आठ जुलाई से शुरु होगा मिशन सेहत अभियान

**भोपाल ( यश भारत )।** प्रदेश भर के छोटे-बड़े सभी अस्पतालों की सेहत सुधारने के लिए आठ अगस्त से मिशन सेहत अभियान चलेगा। इसमें जेपी अस्पताल को 18 लाख रुपये भवन की मरम्मत और रंग रोगन के लिए मिलेंगे। इस संबंध में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने सभी जिलों के सीएमएचओ और सिविल सर्जन के साथ चर्चा की। प्रदेश भर में इस पर करीब 150 करोड़ रुपये खर्च होंगे। बता दें कि पहले यह अभियान 21 जुलाई से शुरू किया जाना था, लेकिन तैयारी नहीं होने की वजह से इसे आठ अगस्त से शुरू किया जा रहा है जो 15 अक्टूबर तक चलेगा। प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा, सिविल अस्पताल और सीएचसी में भी भवन कार्य का मरम्मत करने के साथ ही मरीजों के लिए सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। बड़ी बात यह है कि पहली बार मरम्मत कार्य के लिए बजट सीधे अस्पताल अधीक्षक को दिया जा रहा है। अभी तक यह काम लोक निर्माण विभाग के माध्यम से कराया जा रहा है।

### यह सुविधाएं बढ़ेंगी

प्रदेश के 49 जिला अस्पताल और तीन सिविल अस्पतालों के ब्लड बैंक में रक्त के तत्व अलग करने की सुविधा होगी। इसके लिए 52 सेमी आटामैटिक मशीनें खरीदी जाएंगी।हर जिला अस्पताल में कम से कम पांच डायलिसिस मशीनें होंगी। अभी 400 बिस्तर से ज्यादा वाले अस्पताल छोड़कर बाकी में एक-दो मशीनें ही हैं । सभी जिला अस्पताल में हेल्प डेस्क बनाई जाएगी। भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए टोकन व्यवस्था लागू की जाएगी। अगले छह माह के लिए अत्यावश्यक दवाओं की उपलब्धता रहेगी। सभी जिला अस्पतालों में कीमोथेरेपी की सुविधा मिलेगी। आठ साल पहले शुरू हुई यह सुविधा कुछ जिला अस्पतालों में बंद हो चुकी है।

# भाजपा समर्थकों को 217 जनपद पंचायतों में मिली विजयश्री

## कांग्रेस को मिली 77 जनपद पंचायतों बढ़त



**भोपाल ( यश भारत )।** त्रिस्तरीय पंचायतराज के तहत हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में भाजपा ने दो तिहाई से ज्यादा सीटों पर कब्जा कर लिया। कुल 313 में से 312 जनपद पंचायत के अध्यक्ष के लिए हुए चुनाव में 213 भाजपा समर्थक जीते। कांग्रेस को 77 जनपदों में बढ़त मिली है। जनपद पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली यानी निर्वाचित सदस्यों में से होता है। इसके लिए पिछले माह जनपद सदस्यों का निर्वाचन गैर दलीय आधार पर हुआ था। अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के चुनाव के समय सदस्य भाजपा-कांग्रेस व अन्य दलों के गुटों में शामिल होकर चुनाव लड़ते हैं। नगरीय निकास के लिए हुए चुनाव की तुलना में भाजपा को जनपद पंचायत के चुनाव में बड़ी विजय मिली है। दूसरे चरण के लिए गुरुवार को हुए निर्वाचन में कुल 143 में से 142 जनपद पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव हुआ। इसमें 104 पर भाजपा, 31 पर कांग्रेस और सात स्थानों पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी व अन्य के सदस्य अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। मंदसौर की गरोठ जनपद पंचायत में न्यायालय का स्थगन होने के कारण चुनाव नहीं हुआ। जनपद पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद का चुनाव काफी कशमकश भरा रहा। भाजपा और कांग्रेस ने अपने समर्थक सदस्यों को अध्यक्ष बनवाने के लिए धार्मिक और पर्यटन स्थलों की यात्राएं कराईं। भाजपा ने मंत्रियों, सांसद, विधायक और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी तो कांग्रेस ने पूर्व मंत्रियों और विधायकों को मैदान में उतारा था। सदस्यों को प्रलोभन देने और धमकाने के आरोप भी लगे और चुनाव के समय कई स्थानों पर तनाव की स्थिति भी बनी लेकिन प्रशासन की सतर्कता के कारण कोई अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हुई। भाजपा को इससे पहले जनपद पंचायत चुनाव में नहीं मिली ऐसी सफलता- शिवराज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनपद पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने पर कहा कि भाजपा को ऐतिहासिक सफलता मिली है। 313 में से 226 से अधिक भी भाजपा के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव जीते हैं। स्वतंत्र अध्यक्षों में भी हमारे समर्थक हैं। इसके पहले जनपद पंचायत चुनाव में इतनी सफलता भाजपा को नहीं मिली। मैं मतदाताओं के प्रति आभार जताता हूं और निर्वाचित अध्यक्ष-उपाध्यक्षों को बधाई देता हूं। साथ ही यह विश्वास दिलाता हूं कि जनता की कसौटी पर खरा उतरने में हम कोई कसर न छोड़ेंगे। प्रदेश की सरकार सदैव हर संभव सहयोग करेगी। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ता, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, मंत्री, सांसद, विधायक को धन्यवाद देते हुए कहाकि हम सब मिलकर जनता की सेवा और ग्रामीण विकास के लिए बेहतर काम करेंगे।

### पंचायत चुनाव में कांग्रेस को जनता ने दिया अभूतपूर्व समर्थन-कमल नाथ

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने कहा कि जनपद पंचायत के चुनाव में कांग्रेस पार्टी को दिए गए अभूतपूर्व समर्थन के लिए मैं मध्य प्रदेश की सम्मानित जनता का अभिनंदन करता हूं। पुलिस, पैसा और प्रशासन के दबाव के बीच आपने जिस तरह निर्भीक होकर वोट डाला और लोकतंत्र को मजबूत किया, वह अनुकरणीय है। उन्होंने कांग्रेस के सभी विजेता प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम आगे भी इसी तरह मिलकर जनहित के लिए काम करते रहेंगे। कांग्रेस ने दावा किया कि उसे 167 जनपद पंचायतों में जीत हासिल हुई है।




# दस्तक अभियान में मिला 4 ग्राम हीमोग्लोबिन वाला बच्चा

## हमीदिया से रक्त लाकर जेपी में चढ़वाया

**भोपाल ( यश भारत )।** 18 जुलाई से जिले में चल रहे दस्तक अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर सर्वे कर रही हैं। इसमें भोपाल में पांच साल का एक बच्चा सिर्फ चार ग्राम हीमोग्लोबिन वाला मिला है। उसक रक्त समूह ओ निगेटिव है। रिश्तेदारों का ब्लड ग्रुप मिलान नहीं हुआ और न ही जेपी अस्पताल में इस ग्रुप का ब्लड मिला। इसके बाद सीएमएचओ ने हमदिया अस्पताल से रक्त उपलब्ध कराया। जेपी में उसे ब्लड लगना शुरू भी हो गया है। सीएमएचओ डा. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि दस्तक अभियान में घर-घर जाकर बच्चों की जांच विभिन्न् तरह की बीमारियों की पहचान की जा रही हैं। इसी दौरान कोटरा सुल्तानाबाद में गंभीर कुपोषित दो साल का बच्चा मिला। जेपी अस्पताल लाकर उसकी जांच कराई गई तो उसका हीमोग्लोबिना सिर्फ चार ग्राम मिला। हमीदिया अस्पताल से ब्लड लाकर बच्चे को चढ़ाया जा रहा है। वह यहां पीआइसीयू में भर्ती है।



# कांग्रेस ने भाजपा पर लगाया पंचायत चुनाव में सत्ता के दुरुपयोग का आरोप

### कांग्रेस का आरोप- जिला पंचायत का चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस समर्थित सदस्यों पर झूठे बनाए जा रहे प्रकरण

**भोपाल ( यश भारत )।** नगरीय निकाय और जनपद पंचायत के चुनाव में हार का सामना करने के बाद अब भाजपा सत्ता का दुरुपयोग करके जिला पंचायत अध्यक्ष अपना बनवाने के लिए कांग्रेस समर्थित सदस्यों को परेशान कर रही है। पूरे प्रदेश में कांग्रेस के निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों और उनके परिवारजनों के विरुद्ध झूठे प्रकरण दर्ज कराए जा रहे हैं। सदी वर्दी में पुलिस वाले तैनात करके डराया जा रहा है। यह आरोप गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, विधायक आरिफ मसूद और प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने लगाया। पार्टी नेताओं ने कहा कि भोपाल जिला पंचायत में कांग्रेस समर्थित आठ सदस्य जीते हैं। दस सदस्यीय जिला पंचायत में बहुमत कांग्रेस के साथ है लेकिन सत्ता का दुरुपयोग करते हुए तीन जिला पंचायत सदस्यों के ऊपर झूठे प्रकरण बनवाए गए हैं। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनमोहन नागर के बेटे अश्विन नागर की खदान चालू नहीं है और न ही उन्हें खदान चलाने की अनुमति मिली है पर 13 लाख 20 हजार रुपये का नोटिस दिया गया है।इसी तरह उनके दूसरे बेटे अमित नागर को खनन संबंधी एक झूठे मामले में फंसाकर दो लाख रुपये का नोटिस दिया गया है। नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य विनय मैहर के ऊपर घर से कचरा उठाने वाले कर्मचारियों के लिए जाति सूचक शब्द का उपयोग करने का प्रकरण बनाने की बात कही जा रही है। जिला पंचायत सदस्य रश्मि भार्गव के पति अवनीश भार्गव को हरिओम स्टोन क्रेशर चलाने के झूठे मामले में उनकी जमीन जब्त करने का नोटिस भेज दिया गया है। जबकि, वास्तविकता यह है कि यह स्टोन क्रेशर रश्मि भार्गव का है ही नहीं। इसी तरह एक दिन पहले रैगांव में कांग्रेस प्रत्याशी को जनपद पंचायत अध्यक्ष का चुनाव जीतने का प्रमाणपत्र कलेक्टर ने दिया और देर रात उसे निरस्त कर दिया। कांग्रेस समर्थित सदस्यों को प्रलोभन और धमकी दी जा रही है लेकिन पार्टी कार्यकर्ता एकजुट हैं और डरने वाले नहीं हैं।

# एआइएस में दिखने लगा कैपिटल गेन आयकर रिटर्न दाखिल में लग रही देरी

**भोपाल ( यश भारत )।** वित्त वर्ष 2021-22 के आयकर रिटर्न दाखिल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई को बीत जाएगी। गुरुवार को विभाग का पोर्टल थोड़ी देर के लिए क्रेश हो गया। आखिरी दौर में रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन अभी भी बीते वर्ष से तुलना में 50 प्रतिशत रिटर्न ही दाखिल हो सके हैं। एन्युअल इन्फार्मेशन स्टेटमेंट (एआइएस) के कारण इस बार रिटर्न दाखिल होने में देर भी लग रही है। ज्यादातर करदाता अनभिज्ञ हैं कि 31 जुलाई के बाद रिटर्न दाखिल करना उन्हें महंगा पड़ेगा। बीते दो वर्षों में आयकर रिटर्न दाखिल करने की तारीखें लगातार बढ़ती रही थीं। टैक्स प्रैक्टिशनर एसोसिएशन (टीपीए) के पूर्व प्रवक्ता और सीए स्वप्निल जैन के अनुसार दो वर्षों में कोरोना जैसी महामारी बड़ा कारण थी, इसीलिए सेंट्रल बोर्ड आफ डायरेक्ट टैक्सेस (सीबीडीटी) ने आयकर रिटर्न की तारीखें बढ़ा दी थीं। बीते वर्ष मार्च तक रिटर्न जमा करने का मौका मिला। इसका असर ये हुआ कि अब ज्यादातर करदाता अनभिज्ञ हैं कि उन्हें रिटर्न दाखिल करना है। उन्हें लग रहा है कि अभी तो रिटर्न दाखिल किया था, अब फिर से तारीख कैसे आ गई। इस वर्ष कोरोना या कोई कारण नहीं है कि सीबीडीटी तारीख आगे बढ़ाए। इंस्टिट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ इंडिया (आइसीएआइ) ने इस साल अपनी ओर से कोई रिटर्न दाखिल करने का आग्रह नहीं किया है। ऐसे में आसार नहीं है कि करदाताओं को रिटर्न दाखिल करने के लिए अब और अधिक समय मिल सकता है। देश में कुल करीब 10 करोड़ आयकरदाता रजिस्टर्ड हैं। बीते वर्ष करीब सात करोड़ रिटर्न दाखिल हुए थे। गुरुवार तक 3.73 करोड़ रिटर्न ही दाखिल हुए हैं। आखिरी दौर में एकाएक पोर्टल पर लोड बढ़ने से गुरुवार दोपहर 15 मिनट के लिए पोर्टल क्रेश हुआ और रिटर्न रुक गए थे। हालांकि यह अच्छी बात है कि सीबीडीटी 10 घंटे में रिटर्न प्रोसेस करने का दावा कर रही है। रिफंड भी चार दिन में मिल रहा है। इस साल आयकर रिटर्न दाखिल करने में ज्यादा समय लग रहा है। सीए के अनुसार इस साल करदाताओं के एआइएस भी पोर्टल पर अपलोड व लिंक हो गए हैं।

# पुलिस की वर्दी पहनकर कर रहे थे अवैध वसूली

## असली पुलिस को दिखाई फर्जी आइडी तो धरे गए

### सिंगरौली के रहने वाले दोनों युवक नरसिंहपुर, कटनी, जबलपुर एवं सिंगरौली में भी पुलिस की वदी पहनकर ठगी।



**भोपाल ( यश भारत )।** बैरसिया थाना पुलिस ने सिपाही की वर्दी पहनकर वाहन चालकों से वसूली करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस द्वारा पहनी जाने वाली डांगरी, वायरलेस सेट भी बरामद किया गया है। उनके पास से उपनिरीक्षक का फर्जी परिचय पत्र भी मिला है। मूलत. सिंगरौली के रहने वाले दोनों युवक नरसिंहपुर, कटनी, जबलपुर एवं सिंगरौली में भी पुलिस की वदी पहनकर ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार हो चुके हैं। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। बैरसिया थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि गुरुवार शाम करीब चार बजे मुखबिर ने सूचना दी थी। उसने बताया कि नजीराबाद रोड पर दो युवक पुलिस के सिपाही की वर्दी पहनकर वाहन चालकों से वसूली कर रहे हैं। हवा भाव से दोनों पुलिस कर्मी नहीं लग रहे हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और परिचय पत्र मांगा। इस पर दोनों में से एक ने उपनिरीक्षक का परिचय पत्र दिखाया। तलाशी में उनके पास से पुलिसकर्मियों द्वारा पहनी जाने वाली डांगरी, वायरलेस सेट बरामद किया गया। थाने लाकर पूछताछ करने पर आरोपितों की पहचान ग्राम देवसर, जिला सिंगरौली निवासी 25 वर्षीय भगवानदास पुत्र रामलाल पनिका एवं ग्राम आमापडणी जिला सिंगरौली निवासी 26 वर्षीय रामकिशोर पुत्र छठीलाल सेन के रूप में हुई। दोंनों आठवीं कक्षा तक पढ़े है और पिछले पांच साल से इस तरह से ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। इसके पहले वे लोग सिंगरौली, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर में धोखाधड़ी करने के दौरान गिरफ्तार होकर जेल जा चुके हैं। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे लोग गुरुवार को ट्रेन से भोपाल आए थे। इसके बाद बस में सवार होकर बैरसिया पहुंचे थे। वहां वर्दी पहनकर उन्होंने वाहन चालकों की रोकाङ्कटोकी शुरू ही की थी, तभी धरे गए। उनके खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है।

# वर्चुअल सम्मेलन में 13 देशों के युवाओं ने सीखा मप्र का बाघ प्रबंधन

### बाघों की आबादी बढ़ाने पर वर्चुअल वैश्विक बाघ सम्मेलन का आयोजन सम्मेलन में शामिल युवाओं ने मप्र में बाघ संरक्षण के प्रयासों को सराहा

**भोपाल ( यश भारत )।** टाइगर स्टेट वाले मप्र की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। आज अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया जा रहा है। इसकी पूर्वसंध्या पर गुरुवार 28 जुलाई को 13 देशों के युवाओं ने मप्र के बाघ प्रबंधन को सीखा और समझने की कोशिशें की है। अपने-अपने देशों में इसे, बाघों की आबादी बढ़ाने के लिए अमल में लाने पर सहमति भी दी है। दुनिया भर में बाघों को बचाने, उनकी आबादी बढ़ाने और भविष्य में उन पर आने वाले संभावित खतरों से निपटने के लिए वैश्विक बाघ सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें बाघों की मौजूदगी वाले भारत समेत बांग्लादेश, भूटान, कंबोड़िया, चीन, इंडोनेशिया, लाओस, मलेसिया, नेपाल, रूस, म्यानमार, थाईलैंड और वियतनाम के युवाओं ने हिस्सा लिया था। यह सम्मेलन वर्चुअल माध्यम से हुआ, जिसका संचालन दिल्ली से किया गया था। भारत की ओर से बेंगलुरू की चिन्मयी रामसुब्रमण्यम व हैदराबाद के सौमिल नेमा ने प्रतिनिधित्व किया। ये दोनों ही युवा छात्र हैं, जो देशभर में बाघ समेत दूसरे वन्यप्राणियों को बचाने के लिए अव्वल आए हैं। मप्र से भोपाल के युवा शक्ति कुमार व डिम्पल सावलानी ने भी कोशिशें की थी,, लेकिन इन्हें सम्मेलन में मौक नहीं मिला। हालांकि राष्टीय स्तर पर ये दोनों ही छात्र बाघों को बचाने पर अपनी—अपनी कार्य योजना प्रस्तुत कर चुके हैं। 13 देशो के सम्मेलन में चिन्मयी व सौमिल ने बाघों के संरक्षण पर अपने विचार रखे, फिर अलग—अलग राज्यों द्वारा किए जा रहे कामों के बारे में सदस्य देशों के युवाओं को जानकारी दी। सम्मेलन में युवाओं ने बार-बार मप्र का जिक्र किया। ऐसा इसलिए क्योंकि, दुनिया के सर्वाधिक बाघ भारत में है और भारत के सर्वाधिक 526 बाघ मप्र में है। हाल ही में हुए बाघ आकलन के रूझानों से पता चला है कि यह आबादी दोगुनी हो गई है। हालांकि वास्तविक आकलन रिपोर्ट आनी बाकी है। वैश्विक बाघ सम्मेलन का आयोजन विश्व वन्यप्राणी कोष की ओर से किया गया था। इसमें राज्य व केंद्र के संबंधित विभागों ने भी सहयोग किया है।

### युवाओं ने मप्र से यह सीखा

बाघों की आबादी बढ़ाने के लिए सबसे जरूरी है, उनके लिए अनुकूल रहवास स्थल उपलब्ध कराना। मप्र में इस काम में विशेष रूचि ली है। बीते कुछ वर्षों में 50 से अधिक गांवों को बाघ भ्रमण वाले क्षेत्रों से विस्थापित कर बाहर बसाया है। यह काफी चुनौतीपूर्ण काम था, जो शासन ने वन अमले की मदद से किया है। यह विस्थापन आम लोगों की सहभागिता से किया है। लोगों ने बाघों के लिए पुश्तैनी ठिकानों को छोड़ा है।
बाघों के शिकार व उनके अंगों की तस्करी को रोकने के लिए राज्य में स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स का गठन किया है, जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बाघों की तस्करी करने वाले गिरोहो का पर्दाफाश कर चुकी है। एक मामले में हाईकोर्ट जबलपुर भी इस फोर्स के कामों का जिक्र कर चुका है। एक से दूसरे राज्यों में होने वाली तस्करों को भी रोका है। राज्य के अंदर अंधविश्वास के चलते बाघों का शिकार किया जाता था, इसको लेकर जन जागरूकता लाई है।मप्र ने बाघों की निगरानी के लिए दुनिया की आधुनिक तकनीकियों का इस्तेमाल किया है। यहां के लोगों में वन्यप्राणियों के प्रति गहरा लगाव रहा है, जो इनकी आबादी बढ़ाने में मदद करता है। बाघ एक से दूसरे जंगल में सुरक्षित प्रवेश कर सकें, प्राकृतिक रास्तों को बचाने को बचाने पर काम हो रहे हैं।बाघों के संरक्षण से युवा पीढ़ी को जोड़ने के लिए यह समिट की गई थी। अच्छी बात यह है कि इसकी मेजबानी का अवसर भारत को मिला था। आगे भी कई गतिविधियां होंगी। आम नागरिकों व शासन के साथ मिलकर बाघों को सुरक्षित करेंगे। संगीता सक्सेना, राज्य संचालक, विश्व वन्यप्राणी कोष आज तीन लघु फिल्मों में दिखेगा बाघों का इतिहास व उनके लिए वनकर्मियों का संघर्ष, विश्व बाघ दिवस पर शुक्रवार को राज्य स्तरीय कार्यक्रम प्रशासन अकादमी में मनाया जा रहा है।, इसमें लघु फिल्म ए—डे इन द लाइफ आफ वनरक्षक दिखाई जा रही है, जो वनरक्षक सारिका सारिका चौरासे, संजय नामदेव व आकाश साहू पर द्वारा बाघों की निगरानी पर आधारित है। सीक्रेट लाइफ आफ भोपाल टाइगर्स लघु फिल्म भी दिखाई जा रही है। इसमें बाघों और इंसानों के बीच जीवन की संभावना को दर्शाया गया है।

# पमरे के जागरूकता अभियान में 1100 ग्राम पंचायतों मे 1200 से अधिक सेमीनार

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल द्वारा रेल परिचालन में संरक्षा को सुरक्षित बनाने के लिए आम जनता एवं यात्रियों को जागरूक करने की दिशा में सक्रिय कदम उठाए जा रहे हैं। सुरक्षा मामलों में सिग्नल से सम्बन्धित, रेलवे क्रॉसिंग एवं आग जैसे खतरों से बचाव के उपायों की सतर्कता पर संरक्षा अभियान समय-समय पर चलाया जाता है। पमरे तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा में विशेष कर संरक्षा के अधिकारी/कर्मचारी, रेल सुरक्षा बल तथा अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों द्वारा ग्रामीणों एवं स?क उपयोगकर्ताओं के साथ परामर्श, आम जनता को संरक्षा से सम्बंधित पोस्टर, हैण्ड बिल एवं स्टिकर के माध्यम से समझाया जा रहा है। इसके अलावा समय-समय पर सेफ्टी कैम्प और सेफ्टी सेमीनार का भी आयोजन किया जाता है। पमरे द्वारा तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा में वर्ष अप्रैल 2020 से जून 2022 तक संरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों किया गया ।



### ग्राम पंचायतों में जागरूकता अभियान

रेलवे लाइनों के नजदीक एवं आस-पास गावों और ग्राम पंचायतों में संरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत 1147 ग्रामीणों में अभियान चलाया है।

**सड़क उपयोगकर्ताओं -** रेलवे ट्रैक पर होने वाली असामान्य दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सड़क उपयोगकर्ताओं को संरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत 01 लाख 03 ह?ार 500 से अधिक आम जनता को समपार फाटकों पर जागरूक किया गया।

सेफ्टी पोस्टर, हैण्ड बिल एवं स्टिकर वितरण

संरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत आम जनता एवं रेल यात्रियों को रेलवे के संरक्षा नियमों की जानकारी 96 हजार 350 से अधिक सेफ्टी पोस्टर, हैण्ड बिल एवं स्टिकर इत्यादि का वितरण कर समझाया गया है।

**सेफ्टी कैम्प** तीनों मण्डलों के अधिकारी एवं सुपरवाइजरों द्वारा 450 से अधिक सेफ्टी कैम्पों का आयोजन कर जागरूक किया गया है।

**सेफ्ट सेमीनार** इसी तरह समय-समय पर तीनों मण्डलों में संरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत 1200 से अधिक सेफ्टी सेमिनारों का भी आयोजन किया गया है।

# अविनाश शर्मा मोनू जनपद उपाध्यक्ष निर्वाचित हुये



जबलपुर, यशभारत। पड़ोसी जिला मंडला की नारायणगंज जनपद पंचायत के गत दिवस संपन्न हुये उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन में अविनाश शर्मा मोनू विजई घोषित हुए उन्होंने दूसरे उम्मीदवार गुलाब बरकडे को पराजित किया युवा कर्मठ और मिलनसार मोनू शर्मा की जीत से युवाओं और नागरिकों में हर्ष का माहौल निर्मित हो गया है उल्लेखनीय है कि उपाध्यक्ष के निर्वाचन के पहले जनपद सदस्य के रूप में उन्होंने क्षेत्र क्रमांक 11 से जीत दर्ज की थी।

# अखिलभारतीय कौरव युवा सभा ने किया वृक्षारोपण




**गाडरवारा( यश भारत )** हरियाली अमावस्या के शुभअवसर पर साप्ताहिक वृक्षारोपण के कार्यक्रम का आयोजन कौरव युवासभा गाडरवारा मंडल द्वारा शनि मंदिर के पास तालाब परिसर में किया गया जिसमे अखिल भारतीय कौरव महासभा के अध्यक्ष राव पवन सिंह युवा सभा के अध्यक्ष रमाकांत कौरव राव शैलेश सिंह कौरव विधि सलाहकार विक्रांत कौरव महासभा कोशाध्यक्ष जितेंद्र गोहल महासभा सचिव सोमनाथ कौरव जिला सचिव युवा सभा रूपेश कौरव युवा सभा उपाध्यक्ष सतीश, दिलीप, आनंद जिला प्रवक्ता राहुल आई टी सेल प्रभारी आकाश गाडरवाडा मंडल सचिव अभिषेक सडूमर मंडल सचिव शैलेन्द्र कार्यालय प्रभारी शुभम कौरव युवा साथी आनंद कौरव बूडा वाले प्रशांत कौरव आयुष कौरव राहुल कौरव कार्तिक कौरव सूरज कौरव अर्जुन कौरव हरिओम कौरव अभय कौरव राहुल कौरव नवदीप कौरव जयहिंद कौरव आर्यन प्रदीप सहयोग हेतु तालाब प्रबंधन समिति सदस्य कमल खटीक भी उपस्थित रहे ।

# छत्रपाल बने जनपद अध्यक्ष सपना अनिल कौरव बनी उपाध्यक्ष



गाडरवारा( यश भारत) जनपद पंचायत साईंखेड़ा के अध्यक्ष पद की निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई।जिसमे भाजपा समर्थित जनपद सदस्य छत्रपाल सिंह राजपूत ने 18 में से 13 मत तथा कांग्रेस समर्थित दिग्विजय सिंह ने 5 मत प्राप्त किए। इस प्रकार छत्रपाल 8 मतों से चुनाव जीतकर जनपद अध्यक्ष बने द्य जनपद उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध सपना अनिल कौरव निर्वाचित हुई है। उल्लेखनीय है कि सपना अनिल कौरव जनपद सदस्य का चुनाव भी निर्विरोध जीती थी। निर्वाचन के उपरांत जीत का जश्न मनाते हुए जुलूस निकाला गया जगह जगह नवनिर्वाचित अध्यक्ष छत्रपाल सिंह, उपाध्यक्ष सपना अनिल कौरव सहित जनपद सदस्यों का स्वागत किया गया द्य इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता गौतम सिंह पटेल, युवा भाजपा नेता आनंद राजपूत, कमल सिंह राजपूत, सहित अनेक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# अंकुर अभियान के तहत सघन वृक्षारोपण



पाटन, यशभारत। हरियाली अमावस्या के अवसर पर अंकुर अभियान के तहत किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के द्वारा शाहपुरा एवं पाटन विकासखंड सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया गया जिसमे ग्राम कुसली ,मुरई ,मादा, बूढ़ी कोनी, कटंगी ,नटवारा,एंव उमरिया में कृषकों के खेतों पर सघन वृक्षारोपण करवाया विभाग के खाद बीज कीटनाशक विक्रेता संघ के सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र के किसानों के यहां पर वृक्षारोपण अभियान में सहयोग दिया एवं वृक्ष उपलब्ध कराएं कृषि उत्पादन संगठन एफपीओ ने भी अपने सदस्य किसानों के यहां सघन वृक्षारोपण करके हरियाली पर्व उत्सव मनाया वृक्षारोपण का कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा और किसानों के खेतों में मेड़ों पर वृक्षारोपण कर प्रकृति का श्रृंगार कार्य किया जावेगा कार्यक्रम में उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम अनुविभागीय अधिकारी कृषि डॉ इंद्रा त्रिपाठी कृषि विकास अधिकारी श्री कांत यादव पंकज श्रीवास्तव रजनीश दुबे जे पी त्रिपाठी ऐन के गुप्ता आर के परोहा के साथ कृषि आदान विक्रेता बंधु उपस्थित रहे।

# धर्म की वृद्धि के लिए दीया जाता है दान मुनि प्रणम्य सागर जी



पनागर, यशभारत। दान की महिमा अपरंपार है दान देने की परंपरा प्रथम तीर्थंकर ऋषभ नाथ भगवान के समय से प्रारंभ हुई राजा श्रेयांश ने ऋषभ नाथ भगवान को सर्वप्रथम आहार दान दिया था इसी आहार दान के फल स्वरुप दान तीर्थ की उत्पत्ति हुई और ऋषभ नाथ भगवान धर्म तीर्थ के करता है राजा श्रेयांश दान तीर्थ के करता माने जाते हैं दान देने वाले दाता कहलाता है और दान लेने वाला पात्र होता है यह दाता और पात्र का संबंध महत्वपूर्ण है जब भी दान दिया जाए तो लेने वाले के जीवन में धर्म वृद्धि होनी चाहिए दान लेने वाला उस वस्तु का उपयोग गलत दिशा में ना करेंउक्त उदगार पूज्य गुरु परम तपस्वी आचार्य 108 विद्यासागर महाराज जी के परम शिष्य अर्हम योग के जनक पूज्य 108 मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज ने व्यक्त किए पूज्य मुनि श्री ने आगे यह भी कहा कि दान 4 तरह का होता है आहार दान औषधी दान अभय दान एवं शास्त्र दान हैं इसे गुरुवर ने बहुत विस्तार से उपस्थित धर्म प्रेमी जनों को बताया प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे बड़े जैन मंदिर प्रांगण में पूज्य मुनि श्री की श्री 1008 भगवान शांतिनाथ की कथा का वाचन चल रहा है पूरे पनागर की जनता के अलावा आसपास की उपनगरीय सभी धर्म प्रेमी जन पनागर पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं कार्यक्रम का संचालन प्रबंध कारिणी सभा के सदस्य राहुल बड़कुल ने किया।

# लेखा विभाग का चल लेखा निरीक्षक सेमीनार आज



**जबलपुर यश भारत।** मुख्यालय लेखा विभाग द्वारा 46 वां चल लेखा निरीक्षक दो दिवसीय सेमिनार आज ो आयोजित किया जा रहा है। पहले दिन गुरुवार 28 जुलाई को चल लेखा निरीक्षक सेमिनार का आयोजन पमरे मुख्यालय सभा भवन में किया गया। इस सेमिनार में पश्चिम मध्य रेलवे के चल लेखा निरीक्षक के साथ-साथ अन्य रेलवे के चल लेखा निरीक्षक एवं मध्य रेलवे से यातायात लेखा प्रबंधन प्रणाली (टीएएमएस) की टीम भी सम्मिलित हुई है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अपर महाप्रबंधक शोभन चौधुरी के साथ-साथ सर्तकता विभाग के प्रमुख वी.के.गुप्ता, परिचालन विभाग के प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक राजेश पाठक तथा वाणिज्य विभाग के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मुकुल सरन माथुर एवं लेखा विभाग के वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी नवल किशोर श्रीवास्तव तथा जी.एस. चावला उपस्थित रहे।इस कार्यकम की अध्यक्षता लेखा विभाग के प्रमुख वित्त सलाहकार कार्तिक चौहान द्वारा की गई। कार्यकम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं चल लेखा निरीक्षक के बुलेटिन पुस्तक के विमोचन के साथ किया गया। अधीकारीगण अपने संबोधन में चल लेखा निरीक्षक द्वारा विगत वर्ष में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए आगे भी रेलवे के आय में वृद्धि लाने, हेतु सतत प्रयत्नशील रहने हेतु उत्साहवर्धन किया। कार्यकम के दौरान पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से चल लेखा निरीक्षक के किए गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम का प्रथम सत्र अजीत कुमार रघुवंशी, वित्त संलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुआ ।

## 31 जुलाई से रीवा- उदयपुर के लिए रवाना होगी नई स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर रेल मंडल को झीलों की नगरी उदयपुर (राजस्थान) से जुड़ने के लिए रेल प्रशासन द्वारा नई रेलगाड़ी आगामी रविवार 31 जुलाई से प्रारंभ की जा रही है जिससे कि मंडल के यात्रियों को राजस्थान जाने के लिए अब एक और ट्रेन की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन ने बताया कि मंडल के रीवा स्टेशन से रविवार 31 जुलाई को इनॉग्रल रन के तौर पर रीवा उदयपुर ट्रेन का शुभारंभ दोपहर 15:30 बजे स्थानीय सांसद जनार्दन मिश्रा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा । यह ट्रेन सतना, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर मार्ग से बीना, गुना होते हुए राजस्थान के उदयपुर में सुबह 10:00 बजे पहुंचेगी।24 कोचों की यह ट्रेन सप्ताह में प्रति रविवार को स्पेशल ट्रेन के रूप में प्रारंभ की जा रही है।उद्घाटन के उपरांत यह ट्रेन आगामी 7 अगस्त से रात 20:55 बजे रीवा से प्रारंभ होगी और दूसरे दिन उदयपुर पहुंचेगी इस ट्रेन के चलने से विंध्य तथा महाकौशल क्षेत्र के यात्रियों को उदयपुर जाने के लिए अब सीधी ट्रेन उपलब्ध हो सकेगी।

# जनपद पंचायत गोटेगांव के अध्यक्ष /उपाध्यक्ष पदों पर भाजपा का कब्जा : निर्विरोध निर्वाचन

गोटेगांव, यशभारत। जनपद पंचायत गोटेगांव के लिए संपन्न हुए अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन में ,भारतीय जनता पार्टी द्वारा अधिकृत किए गए प्रत्याशियों ने निर्विरोध जीत दर्ज करके पूर्व निर्धारित परिणामों को प्राप्त किया है। जनपद पंचायत गोटेगांव के 25 वार्डों में 23 बार्डो पर जीतने वाले जनपद सदस्यों ने अध्यक्ष /उपाध्यक्ष के निर्वाचन में पार्टी के अनुशासन को कायम रखते हुए, गोटेगांव जनपद में भाजपा के परंपरागत दबदबे को कायम रखा है। नरसिंहपुर विधायक श्री जालम सिंह पटेल (मुन्ना भैया) के कुशल नेतृत्व में गोटेगांव नगरीय एवं ग्रामीण चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को अप्रत्याशित जीत मिली है।



आज दिनांक 28 जुलाई को संपन्न हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी समर्थित सभी जनपद सदस्यों ने पार्टी की गाइडलाइन अनुसार एक राय होकर अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों पर भारतीय जनता पार्टी समर्पित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों का निर्विरोध निर्वाचन करते हुए विधायक नरसिंहपुर श्री जालम सिंह पटेल सहित पार्टी के सभी वरिष्ठों तथा युवा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। जनपद क्षेत्र गोटेगांव के विकास हेतु युवा नेतृत्व को मिली जिम्मेदारी से अभिभूत भाजपा कार्यकर्ताओं ने युवा नेता श्री मणि नागेंद्र सिंह (मोनू पटेल )को धन्यवाद देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में उनके द्वारा किए गए कार्यों से लोगों का समर्थन, हमारी उपलब्धि रही है।इस अवसर पर उपस्थित नरसिंहपुर विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन जालम सिंह पटेल ( मुन्ना भैया) ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जन हितैषी योजनाओं का लाभ, प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचे, यह आप सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव के ,प्रत्येक ग्राम एवं प्रत्येक हितग्राही तक,योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारा मूल लक्ष्य है, और इसे मिलकर पूरा करना ,आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। विधायक श्री पटेल ने ग्रामीण निकाय के सभी प्रतिनिधियों का आह्वान करते हुए कहा कि, ग्राम विकास के मुद्दे पर ,विकास की प्राथमिकताएं तय करना जरूरी है और इस कार्य में आम ग्रामीण नागरिकों की सहभागिताआवश्यक है। उन्होंने कहा कि इन पदों पर भारतीय जनता पार्टी की जीत ,लोगों के विश्वास की जीत है और जन विश्वास को बनाए रखना हम सभी की जवाबदेही है।

# जीवकोपार्जन के साथ समाज सेवा का लक्ष्य हो

## जीसीएफ एन जी ओ ब्रांच उपाध्यक्ष को दी विदाई




**जबलपुर यशभारत।** गत दिवस ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ नॉन गजेटेड ऑफिसर जीसीएफ ब्रांच के उपाध्यक्ष त्रिपुरारी शरण श्रीवास्तव को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी। श्री शरण का शॉल श्रीफल आदि सेअभिनंदन किया गया।इस मौके पर श्री शरण के कार्यकाल के संस्मरणों पर प्रकाश डाला। त्रिपुरारी शरण ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें जीवकोपार्जन के साथ समाज सेवा का लक्ष्य लेकर चलना चाहिए और एकजुट रहने संगठन के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए। देशव्यापी स्तर तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता शरद बोरकर ब्रांच अध्यक्ष तथा मंच संचालन सचिव अजय रजक ने किया । संजय सिंह आशीष सहाय दीपक भट्ट एंड्रयूज माइकल आर के असाटी अमिताभ परस्ते मनीष चौरसिया अंजनी कुमार नरेश बाजपेई श्रीकांत भगत अनिल बेहरा पवनेश आरिफ मंसूरी हैदर अली आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सुरेंद्र सिंह धुर्वे अध्यक्ष तो सुरेंद्र सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष बने





**कुंडम, यशभारत।** आज जनपद पंचायत कुंडम में जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें सुरेंद्र सिंह धुर्वे को भाजपा समर्पित 12 वोट मिले वहीं पर कांग्रेस समर्पित धरम सिंह मरावी को 8 वोट मिले सुरेंद्र सिंह धुर्वे भाजपा समर्पित जनपद अध्यक्ष पद पर विजय घोषित हुए इसी प्रकार जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पद पर सुरेंद्र सिंह ठाकुर को विजय हासिल हुई सुरेंद्र सिंह ठाकुर को 10 वोट मिले वहीं पर कांग्रेस समर्पित संदीप साहू एवं गणेश सेन को 5,5 मत मिले सुरेंद्र सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष पद पर विजई घोषित किए गए जिसके बाद भाजपा समर्थक जमकर रैली बैंड बाजों सहित खुशियां मना रहे हैं एसडीएम जेपी यादव तहसीलदार प्रदीप कौरव पी.एल यादव एवं थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ मौजूद रहे क्षेत्रीय विधायक श्रीमती नंदनी मरावी ने सुरेंद्र सिंह धुर्वे को बधाई दी एवं भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस और विद्यार्थियों का नि:शुल्क परीक्षण



एजेंसी। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस और आज़ादी के अमृत महोत्सव के उत्सव मे, शहीद विक्रम हाईयर सेकेंडरी स्कूल करमेता के, लगभग 700 छात्र-छात्राओं का, नि:शुल्क परीक्षण गैलेक्सी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल जबलपुर, द्वारा किया गया! डॉक्टर विवेक गुप्ता दाँत रोग विशेषज्ञ ने, दाँतों को सही तरीके से साफ करने के बारे मे, दाँतों की उचित देखभाल और दांतो की बीमारियों के बारे मे, विद्यार्थियों को समझाया! डॉक्टर नंदन शर्मा शिशुरोग विशेषज्ञ द्वारा विद्यार्थियों का, संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया गया! उन्होने बच्चो को, बारिश के मौसम मे होने वाली बीमारियों, उनसे बचाव के और मौसम अनुरूप स्वस्थ्य रहने के उपाय बताए! डॉक्टर गौरव साहू अस्थि रोग विशेषज्ञ ने बच्चो को खेल-कूद के दौरान होने वाली हड्डी और मसल से संबंधित परेशानियों जैसे, फ्रेक्चर, मसल मे खिचाव, मोच, पेशियों के दर्द आदि, के बारे मे और उनके उपचार के बारे जानकारी प्रदान की! महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के, शिक्षा मे योगदान और उनके संघर्षडॉक्टर सुलोचना पटेल ने, छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य हेतु, उन्हे शिक्षा के प्रति जागरूक और उत्साहित करने के लिए, प्रत्येक कक्षा मे उत्तम प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमनपत्र वितरित किए! ग़रीब, पिछड़ी छात्राओं की अच्छी पढ़ाई और सुनहरे भविष्य के लिए, महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के, शिक्षा मे योगदान और उनके संघर्ष के बारे मे बाते की! देश के भाग्य निर्माण में सहायक विद्यार्थियों के साथ मिलकर, उन्होने स्कूल परिसर मे छाया के लिए छायदार वृक्ष / प्राण वायु हेतु छायांके ट्रस्ट और आर्यरा फाउंडेशन, के पौधारोपण अभियान को पुन: आगे बढ़ाया !

# टाटा स्टील के दरवाजे और खिड़कियों के लिए जबलपुर में खुली टाटा प्रवेश डीलरशिप



जबलपुर, यशभारत। टाटा स्टील के पोर्टफोलियो में शामिल हुए नए दिग्गज ब्रांड- टाटा प्रवेश ने आज यहां द आशा स्टील 314/315, दोषी चैम्बर, नियर रद्दी चौकी, गोहलपुर ने अपनी नयी डीलरशिप लॉन्च की, जहां स्टील के दरवाजों से लेकर खिड़कियों तक की शानदार और मजबूत रेंज मिलेगी।केनिश दोषी, डीलरशिप मालिक, टाटा प्रवेश, ने कहा, टाटा प्रवेश के प्रत्येक उत्पाद में स्टील की ताकत और लकड़ी की सुंदरता है। इसके अत्याधुनिक उत्पाद टिकाऊ होते हैं और घर में पक्की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। स्टील की ताकत और लकड़ी की सुंदरता के मेल वाले, टाटा प्रवेश दरवाजे और खिड़कियां कीमत, गुणवत्ता, टिकाऊपन और सुरक्षा के मामले में उपयोगकर्ताओं को पूर्ण मानसिक शांति प्रदान करते हैं।लकड़ी के दरवाजों के मामले में सबसे बडा खतरा दीमक का होता है। इसी तरह के अन्य खतरों के लिए भी सर्वोच्च प्रतिरोध सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक से हाई ग्रेड स्टील वाले दरवाजे बनाए जाते हैं। पूर्णता के हिसाब से तैयार, टाटा का हर उत्पाद गुणवत्ता और फिनिश में एक समान है। इसकी बनावट असली लकड़ी जैसी दिखती है। दरवाजों और खि?कियों के लिए यहां एक ही स्थान पर सारे समाधान मिल जाते हैं।टाटा प्रवेश ने सभी प्रकार की आवासीय और व्यावसायिक आवश्यकताओं के लिए उपयुक्त और मजबूत स्टील के दरवाजों की एक विस्तृत रेंज पेश की है। उच्च तकनीक से इन दरवाजों में प्रीमियम लकड़ी जैसी सजावट दी जाती है और इनमें नुकसान, दरारों और टेढे-मेढे होने की संभावना न के बराबर है। बेहतर क्वालिटी वाली गैल्वेनाइज्ड आयरन शीट से निर्मित, टाटा प्रवेश दरवाजे मजबूत और लंबे समय तक चलने वाले होते हैं, जबकि ये पारंपरिक लकड़ी के दरवाजे जैसे ही दिखते हैं।केनिश दोषी ने आगे कहा, %कमर्शियल डोर्स की रेंज के साथ, हम देशभर में निजी और सार्वजनिक कार्यालयों, स्कूलों, अस्पतालों, कारखानों, गोदामों, रिटेल स्टोर्स, होटलों जैसे प्रतिष्ठानों को अपनी सेवाएं देते हैं। टाटा प्रवेश पर प्लेन स्टील फिनिश वाले दरवाजे, विजन पैनल के दरवाजे, फायर-रेटेड डोर्स और साथ ही कमर्शियल स्पेस के अनुरूप फुल ग्लास डोर भी मिलते हैं।



# नवनिर्वाचित पार्षद ने आंगनवाडी में पँखा व बच्चों को खिलौने पोषण आहार का किया वितरण

**गाडरवारा( यश भारत )।** शिवाजी वार्ड में नवनिर्वाचित पार्षद श्रीमति वैशाली रीतेश राय ने आज बच्चों के बीच आंगनवाडी केंद्र में पहुँचकर नन्हे मुन्ने बच्चों को गर्मी से राहत के लिये 1 पँखा व खेलने के लिए खिलौने व पोषण आहार हेतु फल बिस्किट का वितरण किया व वार्डवासी शिवा लोधी का सम्मान शाल श्रीफल से सम्मान किया व इस अवसर पर आंगनवाडी व वार्डवासियो द्वारा नवनिर्वाचित पार्षद का स्वागत किया उक्त अवसर पर रीतेश राय ने कहा हम आपके आशीर्वाद से सेवा कार्य हेतु चुने गए है निरन्तर आप सभी की सेवा विकास और उन्नति में कोई कोर कसर नही छोडेंगे आपकी हर उम्मीद पर खरा उतरने का विश्वास आपको दिलाते है वही आंगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमति मोहिनी सोनी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मेरे कार्यकाल के प्रथम अवसर है जब नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद द्वारा आंगनवाडी में इतना सहयोग किया और हम सभी के बीच स्नेह से आये हमें ऐसा सहयोग मिलता रहेगा तो हम बच्चों और हितग्राहियों के लिए अधिक ऊर्जा से कार्य करते रहेंगे उक्त अवसर पर सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमति मंजू ठाकुर व आंगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमति मोहिनी सोनी आँगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमति मोनिका खरे सहायिका श्रीमति रजनी कुर्मी महेश मानकर गुड्डा कुर्मी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सोनू पटैल ब्रजेश सोनी सुदीप खरे लखन साहू रंजीत कुर्मी बालकिशन श्रीवास रज्जन ठाकुर लोकचंद्र कलवानी वार्डवासी व मातृशक्ति उपस्थित रहे।



# सिंधु और मनप्रीत ने लहराया तिरंगा

## बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों का हुआ रंगारंग आगाज

**मुंबई ( एजेंसी )।** भारत 18वीं बार इन खेलों में उतरा है। उसने 1930, 1950, 1962 और 1986 में हिस्सा नहीं लिया था। इस बार भारत को बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, पहलवान रवि दहिया, बजरंग पूनिया, मुक्केबाज लवलीन बोर्गोहेन, निकहत जरीन और वेटलिफ्टर मीराबाई चानू सहित कई एथलीटों से स्वर्ण पदक की उम्मीद है।





### राष्ट्रमंडल खेल उद्घाटन समारोह में भारतीय दल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने ट्वीट किया, बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की शुरुआत पर भारतीय दल को शुभकामनाएं। मुझे विश्वास है कि हमारे एथलीट अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे और अपने शानदार खेल प्रदर्शन से भारत के लोगों को प्रेरणा देते रहेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा ले रहे भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने ट्वीट किया, भारतीय महिला क्रिकेट टीम और राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने वाले हमारे सभी एथलीटों को मेरी शुभकामनाएं।

### बर्मिंघम के इतिहास को दिखाया गया

अफ्रीकन ड्रम के जरिए कार्यक्रम की शुरुआत हुई।



बर्मिंघम में कार इंडस्ट्री मशहूर है। यहां बनी नई और पुरानी 72 कारों की प्रदर्शनी दिखाई गई। प्रिंस चार्ल्स एस्टन मार्टिन कार से पहुंचे। सिंगर समांथा ऑक्सब्रो ने इंग्लैंड के राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी। स्टेला एंड ग्रुप ने बर्मिंघम के इतिहास को दिखाया। इस दौरान मशहूर कॉमेडियन चार्ली चैपलिन के किरदार को भी दिखाया गया। ड्ढएक बड़े बुल रिंग के जरिए बर्मिंघम की संस्कृति को दिखाया गया। बुल रिंग को खौफ की नजर से बर्मिंघम में देखा जाता था। वह महिलाओं के साथ दोहरा व्यवहार होता था। धीरे-धीरे दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से लोग बर्मिंघम में बस गए। यह शहर किसी एक संस्कृति का नहीं है। तकरीबन 1500 कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### प्रिंस चार्ल्स ने उद्घाटन की घोषणा की

कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 बैटन इंग्लैंड के बर्मिंघम के अलेक्जेंडर स्टेडियम में पहुंचा। प्रिंस चार्ल्स ने खेलों के उद्घाटन की घोषणा की।



## आज क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया से टीम इंडिया का मुकाबला

**मुंबई ( एजेंसी )।** बर्मिंघम में 22वें राष्ट्रमंडल खेलों का उद्घाटन के बाद अब खेलों की बारी है। शुक्रवार (29 जुलाई) को भारत के खिलाड़ी अपनी दावेदारी पेश करेंगे। महिला हॉकी टीम और महिला क्रिकेट टीम क्रमशः घाना और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी। बॉक्सिंग में शिव थापा बॉक्सिंग रिंग में दिखाई देंगे। बैडमिंटन में मिश्रित टीम का मुकाबला पाकिस्तान से होगा।

राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में यह पहला अवसर होगा जब महिलाएं क्रिकेट खेलेंगी। इससे पहले 1998 में क्रिकेट को शामिल किया गया था, तब सिर्फ पुरुष टीमों ने हिस्सा लिया था। तब भारतीय टीम अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहने के बाद बाहर हो गई थी। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच फाइनल मैच खेला गया था। अफ्रीकी टीम ने कंगारूओं को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। न्यूजीलैंड ने कांस्य पदक के मैच में श्रीलंका को हरा दिया था।

भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, शाम 3-30 बजे।

### लॉन बॉल व पैरा लॉन बॉल

महिला एकल में तानिया का मुकाबला दोपहर 1-00 बजे।
भारत बनाम न्यूजीलैंड, दोपहर 1-0 बजे।
भारत बनाम स्कॉटलैंड, शाम 4-00 बजे।
भारत बनाम मलयेशिया, शाम 7-30 बजे।
भारत बनाम इंग्लैंड, शाम 7-30 बजे।
भारत बनाम फाकलैंड, रात 10-30 बजे।
भारत बनाम कुक आइसलैंड, रात 10-30 बजे।

### बैडमिंटन

मिश्रित टीम (भारत बनाम पाकिस्तान), शाम 6-30 बजे।

### महिला हॉकी

भारत बनाम घाना, शाम 6-30 बजे।
टेबल टेनिस और पैरा टेबल टेनिस महिला
भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका, दोपहर 2-00 बजे।
भारत बनाम फिजी, रात 8-30 बजे।
टेबल टेनिस और पैरा टेबल टेनिस पुरुष
भारत बनाम बारबाडोस, शाम 4:30 बजे।
भारत बनाम सिंगापुर, रात 11:00 बजे।

### बॉक्सिंग

शिव थापा का सामना पाकिस्तान के सुलेमान बलोच से, शाम 5-00 बजे।

### जिमनास्टिक

योगेश्वर, सत्यजीत, सैफ व्यक्तिगत स्पर्धा में 4-30 बजे भाग लेंगे।

### साइकलिंग

विश्वजीत, नमन, वेंकप्पा, दिनेश और अनंथा दोपहर 3:25 बजे क्वालीफाइंग राउंड में भाग लेंगे।
मयूरी, त्रियाशा, शुशिकला महिला टीम के क्वालीफाइंग राउंड में शाम 4:12 बजे भाग लेंगी।
रोजित, रोनाल्डो, डेविड और इशो की पुरुष टीम क्वालीफाइंग राउंड में शाम 4:46 बजे उतरेगी।

### तैराकी

कुशाग्र 400 मीटर फ्री स्टाइल में शाम 3:11 बजे उतरेंगे।
सजन 50 मीटर बचरफ्लाई हीट्स में शाम 4:03 बजे भाग लेंगे।
श्रीहरि 100 मीटर बैकस्ट्रोक में शाम 4:26 बजे भाग लेंगे।
आशीष कुमार बैकस्ट्रोक एस9 के फाइनल में रात 12:18 बजे भाग लेंगे।

### स्क्वॉश

अनहत महिला एकल में रात 11:00 बजे भाग लेंगी।
अभय पुरुष एकल में रात 11:45 बजे भाग लेंगे।

### ट्रायथलॉन

आदर्श, विश्वनाथ पुरुष एकल के फाइनल में दोपहर 3:31 बजे भाग लेंगे।
संजना, प्रज्ञन्या महिला एकल के फाइनल में शाम 7:01 बजे भाग लेंगी।

### घाना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी


## भारतीय महिला हॉकी टीम 16 साल बाद पदक की आस





**मुंबई ( एजेंसी )।** भारतीय महिला हॉकी टीम राष्ट्रमंडल खेलों में 16 वर्षों से चले आ रहे पदक के सूखे को खत्म करने के इरादे से शुक्रवार को घाना के खिलाफ जीत दर्ज कर अपने अभियान की शुरुआत करना चाहेगी। भारत पूल ए में इंग्लैंड, कनाडा, वेल्स और घाना के साथ है। वहीं पूल बी में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, स्कॉटलैंड और केन्या हैं। गोल्ड कोस्ट (2018) में भारतीय महिलाएं चौथे स्थान पर रहकर बिना पदक ही लौटी थीं। इस बार सविता पूनिया की टीम पदक लेकर ही लौटना चाहेगी। हाल ही में हुए विश्वकप में भी भारत नौवें स्थान पर रहा था। हालांकि पिछले साल टोक्यो ओलंपिक में भारतीय महिलाएं चौथे स्थान पर रही थीं। उससे उनका हौसला बढ़ा हुआ है। भारतीय महिलाओं ने 2006 मेलबर्न में रजत पदक जीता था, तब से कोई पदक नहीं जीता है। वहीं, 2002 मैनचेस्टर में स्वर्ण पदक जीता था। टीम को राष्ट्रमंडल खेलों में ग्रुप में इंग्लैंड से कड़ी टक्कर मिलेगी। वहीं, नाकआउट राउंड में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसी टीमों से भिड़ना पड़ सकता है। भारतीय टीम का अगला मैच शनिवार को वेल्स से होगा। भारतीय महिला टीम कई अहम मौकों पर पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करने में नाकाम रही है और इसी वजह से कई मैच भी गवाएं हैं। टीम को इस पर काम करने की जरूरत है।

## सरकार का अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी को समर्थन, तीन शहरों में होगा आयोजन



**मुंबई ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस साल के आखिर में भारत में होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया है। यह टूर्नामेंट 11 से 30 अक्टूबर तक तीन शहरों भुवनेश्वर, गोवा और मुंबई में आयोजित किया जाएगा।अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के कार्यवाहक महासचिव सुनंदो धर ने कहा, 'हम सरकार के समर्थन के लिए बहुत आभारी हैं। अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में युवा मामले और खेल मंत्रालय इस टूर्नामेंट की मेजबानी को लेकर सक्रिय रहा है और केंद्रीय मंत्रिमंडल का यह कदम उसी सकारात्मक भावना को दिखाता है।' उन्होंने कहा, 'अपने सभी हितधारकों से मिली सहायता और प्रोत्साहन से हम निश्चित रूप से एक शानदार टूर्नामेंट की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं।'

## शतरंज ओलंपियाड में हिस्सा नहीं लेगा पाकिस्तान, भारत ने बताया दुर्भाग्यपूर्ण

**मुंबई ( एजेंसी )।** पाकिस्तान ने 44वें शतरंज ओलंपियाड में हिस्सा लेने से मना कर दिया है। भारत ने इसे बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। ओलंपियाड की मशाल रिले जम्मू-कश्मीर में घुमाए जाने पर पाकिस्तान को आपत्ति है। अंतरराष्ट्रीय शतरंज संघ (फिडे) ने पाकिस्तान को शतरंज ओलंपियाड में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया था। चेन्नई में यह टूर्नामेंट 28 जुलाई से 10 अगस्त तक होगा।पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, ओलंपियाड की मशाल रिले जम्मू-कश्मीर में निकालकर भारत ने इसका राजनीतिकरण किया है। इसलिए हम इसमें हिस्सा नहीं लेंगे। इसके साथ ही पाकिस्तान इसको शतरंज संघ में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाएगा। वहीं, भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, स्पर्धा में अचानक से हिस्सा नहीं लेने का पाकिस्तान का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने नई दिल्ली में कहा, टीम के भारत में पहुंचने के बाद पाकिस्तान के प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा से हटने का निर्णय बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। बागची ने जोर देकर कहा, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा हैं।

# कन्नड़ में सुदीप की फिल्म को मिली अच्छी ओपनिंग

**मुंबई ( एजेंसी )।** कन्नड़ अभिनेता सुदीप की नई फिल्म 'विक्रांत रोणा' ने रिलीज के पहले दिन उम्मीद के मुताबिक ओपनिंग तो नहीं ले पाई, लेकिन इसके कन्नड़ संस्करण ने फिल्म की लाज बचाने में सफलता हासिल कर ली है। करीब 95 करोड़ रुपये की लागत से बनी फिल्म 'विक्रांत रोणा' की ओपनिंग 18 से 19 करोड़ रुपये के करीब रहने की उम्मीद जताई जा रही थी और फिल्म के हिंदी संस्करण से भी इसके मेकर्स को काफी उम्मीदें रही हैं। टूडी और थ्रीडी दोनों फॉर्मेट में रिलीज हुई फिल्म 'विक्रात रोणा' को हिंदी भाषी क्षेत्रों में लोगों ने खास पसंद नहीं किया और सलमान खान का नाम बतौर प्रस्तुतकर्ता फिल्म से जुड़ने का भी इसे कोई फायदा होता नहीं दिख रहा।फिल्म 'विक्रांत रोणा' की रिलीज से पहले इस तरह के आंकड़े सामने आए थे कि इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर बंपर ओपनिंग मिल सकती है और फिल्म पहले ही दिन 30 करोड़ रुपये से ऊपर की ओपनिंग बॉक्स ऑफिस पर कर सकती है। देश भर के अलग अलग राज्यों में करीब तीन हजार स्क्रीन्स पर रिलीज हुई फिल्म 'विक्रांत रोणा' को पहले दिन ही झटका लगा है क्योंकि ये फिल्म गुरुवार को रिलीज होने के बावजूद अपने मेकर्स की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी। फिल्म ने पहले दिन सभी भाषाई संस्करणों को मिलाकर 16.50 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन शुरुआती आंकड़ों के हिसाब से किया है।

### पहले दिन 16.50 करोड़ नेट कलेक्शन

किच्चा सुदीप के नाम से मशहूर कन्नड़ सिनेमा के सितारे सुदीप का ये बॉक्स ऑफिस पर बड़ा इम्तिहान रहा लेकिन शुरुआती आंकड़ों के हिसाब से फिल्म का भविष्य बहुत अच्छा नजर नहीं आ रहा है। फिल्म को सबसे ज्यादा कन्नड़ दर्शकों ने ही पहले दिन पसंद किया और फिल्म ने कर्नाटक में करीब 14.50 करोड़ रुपये की कमाई टिकट बिक्री (ग्रॉस कलेक्शन) से की है। इसके बाद फिल्म की दूसरे नंबर पर टिकटें आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बिकी हैं,

### जहां से फिल्म ने करीब दो करोड़ रुपये कमाए

फिल्म 'विक्रांत रोणा' की कमाई इसके मलयालम और तमिल संस्करणों से उम्मीद के मुताबिक नहीं हो पाई है। फिल्म ने केरल और तमिलनाडु में कुल मिलाकर करीब 80 लाख रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया है। देश के बाकी राज्यों से फिल्म की पहले दिन की कुल कमाई करीब 2.50 करोड़ रुपये शुरुआती आंकड़ों के हिसाब से रही है। इस हिसाब से फिल्म 'विक्रांत रोणा' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल 19.80 करोड़ रुपये की टिकटें पहले दिन बेचीं। इस ग्रॉस कलेक्शन से फिल्म प्रदर्शन के खर्चे आदि निकालने के बाद फिल्म की पहले दिन की कमाई (नेट कलेक्शन) शुरुआती आंकड़ों के हिसाब से 14.50 करोड़ रुपये रही है।



### मार्केटिंग में कमजोर रही 'विक्रांत रोणा'

कन्नड़ अभिनेता सुदीप का हिंदी सिनेमा में डेब्यू 2008 में रिलीज हुई फिल्म 'फूंक' से हुआ था। सुदीप ने बाद में इसकी सीक्वल और फिल्म 'रन' के अलावा 'रक्त चरित्र' सीरीज की फिल्मों में भी काम किया। सुदीप पिछली बार सलमान खान की फिल्म 'दबंग 3' में दिखे थे। और, इसी फिल्म के आसपास बननी शुरू हुई थी रोमांच और फंतासी के घालमेल से निकली फिल्म 'विक्रांत रोणा'। इस फिल्म के हिंदी भाषी क्षेत्रों में अच्छा कारोबार करने की उम्मीद इसके मेकर्स को शुरू से रही थी लेकिन फिल्म की मार्केटिंग और इसका प्रचार इन क्षेत्रों में काफी कमजोर रहा जिसके चलते फिल्म को लेकर आम दर्शकों में खास रुचि नहीं देखी गई।

## भाजपा के संतोष बरकड़े बने अध्यक्ष

# अंक गणित में कांग्रेस, परिणाम में भाजपा का जिला पंचायत अध्यक्ष










**जबलपुर, यशभारत।** जिला पंचायत अध्यक्ष जबलपुर की कुर्सी में भाजपा ने कब्जा कर लिया है। भाजपा के संतोष बरकड़े अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। लंबे घमासान के बाद भाजपा ने अपना अध्यक्ष बनाने में सफलता हासिल की है। आज सुबह से भाजपा और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं का जिला पंचायत में जमावड़ा रहा। भाजपा के संतोष बरकड़े को 8 वोट प्राप्त हुए जबकि कांग्रेस के रामकुमार सैय्याम को 7 वोट मिले। बताया जा रहा है कि कांग्रेस की तरफ से दो रिजेक्ट हुए हैं।

### जीत पर भाजपा नेताओं ने कहा-

भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष बनना पहले से तय था। जिला पंचायत सदस्यों ने पार्टी की नीतियों का साथ दिया। सब मिलकर गांवों में समग्र विकास की इबारत लिखेंगे।

**अजय विश्नोई, विधायक पाटन**

पार्टी की संयुक्त प्रयास, हर कार्यकर्ता की अहम भूमिका और पार्टी संगठन की एकता ने जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव जीता है। पंचायतों का विकास अब भाजपा के हाथों में है।

**इंदू सुशील तिवारी, विधायक पनागर**

जनपद में परचम के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष भी भाजपा का बना है। जनता ने पार्टी की नीतियों को स्वीकार किया है और यही नतीजा है कि जबलपुर में गांव की सरकार भाजपा की होगी।

**रानू तिवारी, ग्रामीण अध्यक्ष भाजपा**

### उपाध्यक्ष में सत्येंद्र और विवेक के बीच मुकाबला

अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद जिला पंचायत सभागृह में उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन जारी था। उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा से सत्येंद्र सिहं सत्तू और कांग्रेस के विवेक पटेल के बीच मुकाबला है। इधर निर्वाचन कक्ष में इस बात को लेकर चर्चा थी कि कांग्रेस में कैसे भीतरघात हो गया, दो वोट रिजेक्ट होने से कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी हैरान है। खबर है कि कांग्रेस के उम्मीदवार उपाध्यक्ष की वोटिंग में खेल कर सकते हैं।

# 17 साल की लड़की की मांग भरकर थाने पहुंचा प्रेमी

## घर से अपहरण कर उज्जैन में रचाई शादी, होटल में बनाए शारीरिक संबंध

**जबलपुर, यशभारत।** धनवंतरी नगर में रहने वाली 17 साल की लड़की का अपहरण कर जबरन शादी करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने 8 जुलाई 2022 को लड़की का घर से अपहरण किया और उज्जैन ले जाकर मंदिर में शादी रचा ली। कई दिनों तक होटल में किशोरी के साथ शारीरिक संबंध बनाए। इस मामले का खुलासा उस वक्त हुआ जब प्रेमी किशोरी की मांग भरकर थाने पहुंच गया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपहर, दुराचार का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि धनवंतरी नगर में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी को गढ़ा बाजार में रहने वाले वाले 23 साल के युवक ने अपने प्रेम के जाल में फांसकर नाबालिग को घर से भगा कर ले गया और बाद में उसके साथ विवाह रचा लिया।



### शोहदे ने किया दुष्कर्म

जानकारी अनुसार गढ़ा बाजार निवासी युवक ने नाबालिग का अपहरण कर उसे पहले तो उज्जैन ने लगा और फिर होटल में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब पुलिस का दबाव बढ़ा तो बचने के लिए उसके साथ विवाह रचा लिया और थाने में पेश हो गया।

### प्रेम के जाल में फांसा

आरोपी युवक अक्सर पीड़िता के घर के चक्कर काटता था। जिसकी खबर आसपास थी। लेकिन बाद में डांट कर मामला शांत करा दिया। लेकिन युवक ने एक दिन नाबालिग को झूठे प्यार में बरगलाकर उसे लेकर उज्जैन भाग गया। जिसकी शिकायत परिजनों ने थाने पहुंचकर की थी। जिसके बाद हरकत में आई संजीवनीनगर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर, लगातार दबिश दे रही है। यहां आरोपी अपने घर के संपर्क में था, जिन्होंने बताया था कि पुलिस का दबाव बढ़ रहा है। वह किशोरी को घर ले आए और जैसे ही युवक, नाबालिग पीड़िता को लेकर थाने पहुंचा, पुलिस ने दबोच लिया।

### श्रीमती कामिनी त्रिवेदी नहीं रहीं

**जबलपुर।** वरिष्ठ अधिवक्ता स्व आदर्श मुनि त्रिवेदी की धर्मपत्नी एड आशीष त्रिवेदी व असीम त्रिवेदी की मां व कैप्टन आलोक त्रिवेदी की चाची ,एड अपूर्व त्रिवेदी एवं एड. हर्षुल त्रिवेदी की बड़ी मां श्रीमती कामिनी त्रिवेदी का निधन 67 वर्ष की आयु में हो गया है। अंतिम यात्रा निज निवास शतकृतु आश्रम गोपालबाग दमोहनाका से ग्वारीघाट पहुंची जहां नर्मदा तट पर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार हुआ।

### श्री संजीव बिल्लोरे का निधन

**जबलपुर।** यादव कॉलोनी दया नगर निवासी एडवोकेट स्वर्गीय ताराचंद बिल्लोरे के पुत्र एवं इंजीनियर राहुल बिल्लोरे के पिता व संतोष एवं संजय बिल्लोरे के भाई 58 वर्षीय संजीव बिल्लोरे का लंबी बीमारी के दौरान आज निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में हुआ।

छठवीं पुण्यतिथि



स्व. गायत्री अवस्थी

मानवीय जीवन में कर्मठता की अमिट छाप छोड़ते हुए आपने हमें सदैव सद् मार्ग, परिश्रम, स्नेह एवं त्याग के रास्ते चलने का संस्कार सहित अमूल्य पाठ दिया है। आपकी पांचवी पुण्यतिथि पर शत् शत् नमन्

विनम्र श्रध्दांजलि- विनोद अवस्थी, (बेटा) मीना अवस्थी (बहू) किरण-सुशील शुक्ला, विनीता अग्निहोत्री, (बेटी) शुभम, सोनम अवस्थी, मल्लिका, पल्लवी, प्रियांश, शैली (नाती-नातिन) विहान, सान्वी (परनाती)

सेल... सेल... सेल...
फैन्सी साड़ियाँ, सूट, लहंगा, इवनिंग गाऊन, क्रॉप टॉप, कुर्ती पर
श्री शुभमंगल कलेक्शन
सतना बिल्डिंग, मालवीय चौक, जबलपुर 0761-4015444, 7828684355
मानसून ऑफर UPTO 50% OFF

हृदय रोग जांच एवं परामर्श
डॉ. इसरार अहमद
M.B.B.S., PGDCC (Dip.Card), CCEBDM, FNIC
Fellowship in Echocardiography
हार्ट अटेक (हृदयघात) सीने में दर्द व भारीपन | उच्च रक्तचाप बी.पी.का बढ़ना या घटना | घबराहट व धड़कन बढ़ना बिना वजह पसीना आना
दिन- सोमवार से शनिवार समय- शाम 6:30 से 10:00
मो. 9717459755/फोन-0761-2443366
पता-1969,नाज मेडिकल हाईकोर्ट रोड रद्दी चौकी, जबलपुर

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर 07614038666, 7049079825 9300920067

SINCE 1995 METC AN INSTITUTE OF COMPUTER & VOCATIONAL EDUCATION
माखनलाल चतुर्वेदी रा.प.वि.वि. से संबद्ध
PGDCA DCA प्रवेश प्रारंभ सर्वश्रेष्ठ परिणाम TALLY PRIME CPCT SPECIAL BATCHES
AIECCE New Delhi संबद्ध NTT नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग Elg.-10",12"/Graduate FREE Seminar, GDPL, Course Material & Skill Dev.
3rd फ्लोर, मोहित चेम्बर्स, राईट टाउन- 9302227789 | राजुल सिटी गंगानगर, गढ़ा-9303327788

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com www.galaxyhospitaljbp.com

2005 से अग्रणी 2022-2023 सत्र हेतु प्रवेश
महात्मा गांधी महिला कम्प्यूटर इन्स्टीट्यूट
(माखन लाल चतुर्वेदी विश्व विद्यालय से) बेसिक कम्प्यूटर कोर्स
PGDCA DCA BCA TALLY CPCT TYPING सफलता के 16 वर्ष
आयुष गैलरी के ऊपर, होमसाइंस कॉलेज रोड, जबलपुर जबलपुर- 9111167794, 6265955100

JICS JABALPUR INSTITUTE OF COMPUTER SCIENCE
माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त
सत्र जुलाई 2022-2023 सीधे प्रवेश प्रारंभ
M.Sc.(CS) BCA B.Com(CA) DCA PGDCA
वि.वि. के पाठ्यक्रम सभी शासकीय, अशासकीय नौकरी एवं उच्च शिक्षा के लिए मान्य है।
महाकौशल क्षेत्र का अग्रणी संस्थान
अधारताल, भारत गैस के बाजू में, जबलपुर मो. - 0761-4066631, 9893322108

मॉं शक्ति एकवा आरो सिस्टम
सभी प्रकार के आरो सैल्स एवं सर्विस के लिए सम्पर्क करें :
मो.- 9074629210 अब अपने RO की सर्विसिंग कराएं वो भी बिल्कुल फ्री
पता- शंकर नगर करमेता, जबलपुर

मो. : 9827362149, 7509681149
रामकृपाल पाल
हाथ ठेला किराये पर मिलता है। नए ठेले बनाए जाते है। पुराने ठेले रिपेयर किए जाते है।
गढ़ाफाटक, लिंक रोड (निवाड़गंज मंडी) - कृषि उपज मंडी के पीछे (जानकी नगर) जबलपुर
समय: सुबह 8.00 से शाम : 7 बजे तक

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

स्थापना 1948 74 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम 905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481262,2481362

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
फ्रूट आयटम उपलब्ध
→रोस्टेट नमकीन →सत्तू →मूंगफल्ली की लइया →रोस्टेट ड्राई फ्रूड →वेक्ड टोस्ट →करेला चिप्स →पीनट चिक्की →ड्राईभेल →बिस्केट →फुल्की →रोस्टेड मूंगफल्ली →सिंधी पापड़ →चने
AK'S Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )